दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

# नवयत्न

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 16 | अंक 353 | सीकर, गुरुवार 19 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## मनरेगा भुगतान के बदले पांच हजार की रिश्वत लेते कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की श्रीगंगानगर टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए जिला परिषद चूरू में पदस्थापित कनिष्ठ सहायक सुभाष चंद्र शर्मा को पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपी मनरेगा के तहत वर्ष 2023-24 के लंबित भुगतान करवाने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। एसीबी पुलिस महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी को परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसकी ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों के भुगतान के लिए कनिष्ठ सहायक सुभाष चंद्र शर्मा ने 15 हजार रुपये की मांग की। आरोप है कि आरोपी 10 हजार रुपये फोन.पे के माध्यम से ऑनलाइन ले चुका था और शेष 5 हजार रुपये नकद देने का दबाव बना रहा था। भुगतान नहीं कराने की धमकी देकर परिवादी को परेशान किया जा रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई। जिस पर एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पवन कुमार मीणा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ सहायक सुभाष चंद्र शर्मा को पांच हजार रुपये लेते पकड़ा।

## प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान के अन्तर्गत दुकानदारों से किया सम्पर्क



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन ग्राम योजनान्तर्गत 16 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान 2026 आयोजित किया जा रहा है। उपरोक्त अभियान के अन्तर्गत तिथिवार गतिविधी आयोजित की जानी है। ग्राम गोगासर में दूकानदारों व वाणिज्यक संस्थाओं से डोर टू डोर सम्पर्क कर दूकानदारो व वाणिज्यक संस्थाओं के आस पास से प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया तथा दूकानदारों व संस्थाओ को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु जागरुक कर प्लास्टिक उपयोग में ले रही संस्थाओं पर जूर्माना लगवाये जाने की चेतावनी दी गयी। विशेष अभियान में प्रशासक पूनम सैनी, विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद व्यास, प्रभारी अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन ग्राम दिलीप कुमार सोनी, ग्राम विकास अधिकारी नन्दू सिंह व ग्राम पंचायत सदस्यगण उपस्थित थे।

# कोरोना वैक्सीन को लेकर विधानसभा में हंगामा

## कांग्रेस एमएलए बोले- चुनावी चंदा लेने नकली वैक्सीन तो नहीं लगवा दी; बीजेपी विधायकों ने जताई आपत्ति

जयपुर।



विधानसभा में स्वास्थ्य की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कोरोना वैक्सीन से हार्ट अटैक बढ़ने के कांग्रेस विधायक के दावे पर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक घनश्याम मेहर ने कहा- कोरोना के बाद देश-प्रदेश में हार्ट अटैक के मामलों में भारी बढ़ोतरी हुई है।

20-30 साल के युवकों की हार्ट अटैक से मौतें हो रही हैं। लोगों में भ्रम है कि कोरोना में 2 तरह कर वैक्सीन लगी थी। भ्रम है कि कोवीशील्ड वैक्सीन लगाने वालों को हार्ट अटैक हो रहे हैं। इस पर रिसर्च करना चाहिए। इसी दौरान बीजेपी विधायक श्रीचंद कृपलानी ने टोकते हुए पूछा- आपको कौनसी वैक्सीन लगी थी।

मेहर ने कहा- मुझे तो सरकार ने लगा दी पता नहीं कौनसी थी। हो सकता है इलेक्टोरल बॉन्ड से चुनावी चंदा लेने के लिए नकली वैक्सीन लगा दी गई हो। 20-20 साल के युवकों को हार्ट अटैक आ रहे हैं। आए दिन हम हार्ट अटैक की घटनाएं सुनते हैं। कृपलानी के बाद मंत्री मदन दिलावर सहित कई बीजेपी विधायकों ने आपत्ति करते हुए कहा कि कांग्रेसी वैक्सीन पर सवाल उठाते हैं, इनकी पुरानी आदत रही है। बीच में टोकने पर मेहर के अलावा कांग्रेस विधायकों ने आपत्ति जताई। इस पर काफी देर तक नोकझोंक और हंगामा चलता रहा। मेहर ने कहा कि ?टोकने वाले विधायक के इलाके में मेंटल हॉस्पिटल खुलवा दीजिए, इनका इलाज करवाइए। मैं इतना ही तो कह रहा हूं कि वैक्सीन से हार्ट अटैक को लेकर रिसर्च करवाना चाहिए, इसमें गलत क्या है?

इससे पहले बीजेपी विधायक संदीप शर्मा की अशोक गहलोत पर नाम लिए बिना की गई टिप्पणी को लेकर हंगामा हो गया। संदीप शर्मा ने मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष की तरफ से सीएम को लेकर की गई टिप्पणियों पर पलटवार किया।

संदीप शर्मा ने कहा- हमने कभी आपके मुख्यमंत्री पर टीका टिप्पणी की हो तो बताओ। उनकी भाषा, उनको भी समझ में नहीं आती होगी। आप कसम खाकर बता देना उनकी पूरी बात समझ जाते हो क्या? पर हम कभी कहते हैं क्या? कभी हमने उन्हें लेकर अनर्गल बात नहीं की।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आपत्ति करते हुए कहा- वो सदस्य सदन में मौजूद नहीं है। उनके बारे में जो कहा गया है, उसे सदन की कार्यवाही से निकाला जाए।

संदीप शर्मा ने कहा- मैं कोई गलत बात थोड़े ही कर रहा हूं। कोई अभद्र बात नहीं कर रहा। आपने मुख्यमंत्री पर टीका टिप्पणी की थी। जूली ने कहा-जब वह यहां बैठे हों तो उनके सामने सब कह देना, यहां गैर मौजूदगी में यह सब कहना गलत है। संदीप शर्मा ने जूली से कहा- आप कसम खाकर बता देना कि उनकी बात को समझते हो क्या? अरे साहब हम नहीं समझ पाते, कसम खाकर कहता हूं। हम कभी टीका टिप्पणी नहीं करते। वे हमारे मुख्यमंत्री थे आज भी वे पूर्व मुख्यमंत्री हैं, हम टिप्पणी नहीं करते। हम आपसे भी अपेक्षा नहीं करते कि हमारे नेताओं के ऊपर इस तरह की टीका-टिप्पणी करें।

इस मामले को लेकर संदीप शर्मा और जूली के बीच तीखी बहस होने लगी। संसदीय कार्य मंत्री सहित कुछ मंत्री और बीजेपी विधायक भी संदीप शर्मा के समर्थन बोलने लगे। दोनों तरफ से नोकझोंक के बाद हंगामे के हालात बन गए। सभापति ने दोनों पक्षों को शांत करवाया।

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान भी जोरदार हंगामा हुआ। सदन में भारी नोकझोंक के बीच स्पीकर वासुदेव देवनानी को सख्ती दिखानी पड़ी। कई बार उन्होंने टोकने वाले विधायकों को फटकार भी लगाई।

कांग्रेस विधायक रुपिंदर कुनर से जेजेएम के तहत ढाणियों के लोगों को पानी कनेक्शन देने का पूरक सवाल पूछा था। इसी सवाल के जवाब में जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा- नहरी क्षेत्रों में पंजाब से गंदा पानी आने की समस्या रहती है। उसमें हेवी मेटल भी होते हैं।

## हाईकोर्ट ने कहा- सरकारी-विभाग को कब्जे का अधिकार नहीं दे-सकते

### जेडीए को पत्रकार कॉलोनी सामुदायिक केंद्र से ऑफिस हटाने का आदेश

जयपुर।

राजस्थान हाईकोर्ट ने जयपुर की पत्रकार कॉलोनी स्थित सामुदायिक केंद्र में संचालित जेडीए के जोन कार्यालय (पीआरएन-साउथ) को खाली करने के आदेश दिए। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एसपी शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश श्याम सुंदर शर्मा व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। वहीं जेडीए ने सामुदायिक केंद्र से कार्यालय ट्रांसफर करने के लिए करीब 2 साल का समय मांगा था। अदालत ने कहा- किसी भी सरकारी विभाग और अधिकारी को सार्वजनिक उपयोग के भवन पर कब्जा करने का अधिकार नहीं दिया जा सकता है। अदालत ने कहा कि जेडीए अपना कार्यालय किराए के भवन में स्थानांतरित कर लें और सामुदायिक केंद्र जनता के उपयोग के लिए छोड़ दें।

### प्रत्येक नागरिक को सूचना देने का अधिकार

जेडीए की ओर से कहा गया कि जोन कार्यालय का निर्माण अन्य जगह पर करने का निर्णय लिया जा चुका है। निर्माण कार्य पूरा होने और सामुदायिक केंद्र से कार्यालय ट्रांसफर होने में करीब 2 साल का समय लगेगा।

## मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत एकमुश्त समझौता योजना अब 31 मार्च तक

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणी सदस्यों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से घोषित मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 के अन्तर्गत झुंझुनू जिले में कार्यरत भूमि विकास बैंक के 299 सदस्य योजना के पात्र है जिसमें 14 जनवरी 2026 तक पात्र 153 ऋणी सदस्यों ने राशि रू. 261.37 लाख जमा करवाकर रू. 298.45 लाख की अवधिपार ब्याज की छुट प्राप्त की है। राज्य सरकार द्वारा इस योजना की अवधि 31-03-2026 तक बढ़ा दी गई हैं। 31 दिसम्बर 2025 तक आंशिक राशि जमा कराये जा चुके पात्र ऋणी सदस्यों के लिए शेष राशि जमा करवाने तथा अभी तक पूर्णत: वंचित पात्र ऋणी सदस्यों के लिए योजना की अंतिम तिथि 31-03-2026 तक बढाई गयी हैं। योजना की शेष अवधि में पात्र ऋणी सदस्य जमा योग्य राशि बैंक में जमा करवाकर ब्याज में राहत प्राप्त कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय एवं संबंधित शाखा में संपर्क किया जा सकता हैं।

## एसके आईटी कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जगतपुरा स्थित स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैनेजमेंट एंड ग्रामोत्थान कॉलेज को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। कॉलेज प्रशासन को धमकी भरा ई-मेल प्राप्त होते ही एहतियातन पूरे कैंपस को खाली करा दिया गया। छात्र-छात्राओं और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकालकर कॉलेज गेट के बाहर एकत्र किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और बम निरोधक दस्ता सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंचीं और पूरे परिसर में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। प्रत्येक भवन और संवेदनशील स्थान की बारीकी से जांच की जा रही है। ई-मेल में दावा किया गया कि कॉलेज परिसर में आरडीएक्स से बने बम लगाए गए हैं और निर्धारित समय पर विस्फोट किया जाएगा। संदेश में खुद को बालूचोटन टाइगर्स डीएमके आईटी विंग बताते हुए 11:45 बजे विस्फोट की धमकी दी गई।

साथ ही भड़काऊ और आपत्तिजनक बातें भी लिखी गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है हालांकि सुरक्षा के मद्देनजर तलाशी जारी है। धमकी भरा ई-मेल भेजने वाले की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि यह शरारती तत्वों द्वारा भेजा गया फर्जी मेल भी हो सकता है, लेकिन मामले को गंभीरता से लिया गया है।

## जयपुर के एसएमएस अस्पताल में पानी भरने से ऑपरेशन टले

### तेज बारिश के साथ गिरे ओले; सीकर, चूरू और झुंझुनूं में भी ओलों की बिछी चादर

जयपुर।

राजस्थान में तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई। जयपुर समेत 11 से ज्यादा जिलों में बुधवार सुबह से देर रात रुक-रुककर बरसात हुई। जयपुर के एसएमएस अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में पानी भरने से ऑपरेशन टल गए। चार जिलों में ओले भी गिरे हैं। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण तापमान में भी गिरावट हुई है। बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता भी बढ़ा दी है। सरसों की तैयार फसल को सबसे ज्यादा नुकसान की आशंका है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 20 फरवरी से मौसम में फिर बदलाव होगा।

### चने के आकार के ओले गिरे, हवा में ठंडक

जयपुर, कोटा, सीकर, झुंझुनूं, चूरू, अलवर, भीलवाड़ा सहित 10 से ज्यादा जिलों में तेज हवा और बिजली चमकने के साथ बुधवार सुबह 4 बजे से कभी धीमी तो कभी तेज बारिश हुई। कई इलाकों में ओले भी गिरे हैं। हवा में ठंडक होने से दिन के तापमान में भी तीन-चार डिग्री की गिरावट हुई है। कोटा, टोंक, अलवर बुधवार सुबह 20 से 25 मिनट तक तेज बरसात हुई। मौसम बदलने के साथ फिर से सर्दी हो गई। मौसम एक्सपर्ट के अनुसार बारिश के बाद एक-दो दिन हल्की ठंड का एहसास हो सकता है।



### 25 डिग्री से नीचे दिन का तापमान

पिछले 24 घंटे में नागौर, श्रीगंगानगर, पाली, हनुमानगढ़, चूरू जिलों में हल्की बारिश हुई। नागौर में बारिश के साथ कुछ जगहों पर ओले गिरे। श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 5.7 डिग्री गिरकर 24.4 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ।

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया-19 फरवरी को तापमान में थोड़ी कमी होगी, लेकिन उसके बाद वापस तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होगी और आसमान साफ रहेगा।

## पुलिस ने सट्टेबाज और जुआरियों सहित छह बदमाश दबोचे

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने स्पेशल और लोकल एक्ट के तहत अलग.अलग चार कार्रवाइयों में सट्टा लगाने, जुआ खेलने और अवैध हथियार रखने के आरोप में छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त उत्तर करन शर्मा ने बताया कि ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने सट्टे की खाईवाली करते धरा गया आरोपी पुलिस ने रामगढ़ मोड़ स्थित हजरत अली कॉलोनी के पास दबिश देकर अब्दुल वकील 45 को सट्टे की खाईवाली करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 हजार रुपये की सट्टा राशि और सट्टा उपकरण बरामद किए हैं। आरोपी वर्तमान में खो-नागोरियान क्षेत्र में रह रहा था। वहीं ताश के पत्तों पर दांव लगाते उमर खान शास्त्री नगर, रमेश उर्फ आशीष मूल निवासी इंदौर, सन्नी नायक और दीपक नायक ब्रह्मपुरी को गिरफ्तार हैं। इनके पास से जुआ राशि और ताश की गड्डियां बरामद की गई हैं। इसके अलावा एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में रिहान 21 निवासी शास्त्री नगर को अवैध धारदार छुरें के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी के पुराने रिकॉर्ड को खंगाल रही है कि वह किसी बड़ी वारदात की फिराक में तो नहीं था।

# आर-पार के मूड में 400 चिकित्सक, प्रशासन को दो टूक चेतावनी

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ के आह्वान पर जीएमसी प्राचार्य डॉ राकेश साबू के खिलाफ चल रहा विरोध अब निर्णायक चरण में पहुंचता नजर आ रहा है। जिलेभर के चिकित्सकों ने लगातार चौथे दिन काली पट्टी बांधकर मरीजों का उपचार करते हुए अपना आक्रोश दर्ज कराया। चिकित्सकों का आरोप है कि प्राचार्य के तानाशाही एवं बर्बरतापूर्ण रवैये के चलते छह माह में छह चिकित्सकों को बिना सक्षम अनुमति के बर्खास्त किया गया, जिससे चिकित्सा जगत में भारी रोष है।


जिले के 175 चिकित्सा संस्थानों के लगभग 400 चिकित्सक इस विरोध में शामिल हैं। जीएमसी के मुख्यद्वार पर आयोजित जीबीएम में प्रदेशाध्यक्ष डॉ अजय चौधरी को पूरे घटनाक्रम से अवगत करवाया गया। प्रवक्ता डॉ विजय झाझड़िया ने बताया कि दौसा व हनुमानगढ़ जिलों ने भी समर्थन दिया है। मुख्यमंत्री, चिकित्सा मंत्री और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को ज्ञापन भेजा जा चुका है लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अरिसदा अध्यक्ष डॉ एस.ए. जब्बार ने स्पष्ट कहा कि मरीजों को असुविधा न हो, इसलिए चिकित्सक काली पट्टी बांधकर सेवाएं दे रहे हैं परंतु यदि शीघ्र निर्णय नहीं हुआ तो कार्य बहिष्कार सहित कठोर कदम उठाए जाएंगे।

महासचिव डॉ राजेन्द्र ढाका ने कहा कि पदनामित चिकित्सक बिना किसी मानदेय के मेडिकल कॉलेज में शिक्षण सेवाएं दे रहे थे। माइक्रोबायोलॉजी और फार्माकोलॉजी विभाग में पहले ही फैकल्टी की भारी कमी है। इन्हीं चिकित्सकों के कारण राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से मान्यता मिली थी। आयोग एवं राज्य सरकार की अनुमति के बिना की गई बर्खास्तगी को उन्होंने नियम




विरुद्ध और निंदनीय करार दिया। मलसीसर, चिड़ावा, सुल्ताना और नवलगढ़ सहित जिलेभर के अस्पतालों में चिकित्सकों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और सेवाएं जारी रखीं। आंदोलन में डॉ राजेन्द्र ढाका, डॉ विजय झाझड़िया, डॉ श्रीराम दुलड़, डॉ अनिता गुप्ता सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक शामिल रहे। चिकित्सकों ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि डॉ राकेश साबू के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को उग्र रूप दिया जाएगा और कार्य बहिष्कार से लेकर व्यापक स्तर पर संघर्ष किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## कोबरी-सार



## एयर शो के मद्देनजर जयपुर पुलिस ने किए सुरक्षा के कड़े इंतजाम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी के आसमान में भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टर्स का हैरतअंगेज प्रदर्शन देखने को मिलेगा। जलमहल पर आयोजित होने वाले सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम और सारंग हेलीकॉप्टर टीम के एयर शो के मद्देनजर जयपुर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। आमजन की सुरक्षा और शो में किसी भी तरह के व्यवधान को रोकने के लिए पुलिस आयुक्तालय ने जलमहल के पांच किलोमीटर के दायरे में धारा 163 बीएनएसएस लागू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डॉ. राजीव पचार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार यह प्रतिबंध 20 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक जलमहल और उसके आसपास के पांच किलोमीटर के क्षेत्र में निम्नलिखित गतिविधियों पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। इसके अलावा विमानों की सुरक्षा के लिए किसी भी तरह के ड्रोन उड़ाने और पतंगबाजी पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। विमान बहुत कम ऊंचाई पर उड़ान भरेंगे। ऐसे में पतंग का मांझा या ड्रोन गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। साथ ही इस क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति अपने साथ हथियार लेकर नहीं चल सकेगा यह नियम सेना और पुलिस पर लागू नहीं होगा। पुलिस ने साफ किया है कि यदि कोई व्यक्ति इन आदेशों की अवहेलना करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 223 के तहत सख्त दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। वायु सेना के इस जांबाज प्रदर्शन को देखने के लिए शहरभर से बड़ी संख्या में पर्यटकों और स्थानीय निवासियों के जलमहल पहुंचने की उम्मीद है। पुलिस प्रशासन ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा और लोक व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी सहायक पुलिस आयुक्तों और थानाधिकारियों को दिशा.निर्देश जारी कर दिए हैं।

## सीएलजी बैठक आयोजित



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** पुलिस थाना परिसर में होली त्योहार एवं रमजान महीने को देखते हुए सीएलजी, शांति समिति, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखियों की थानाधिकारी ताराचंद यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में होली त्योहार एवं रमजान के महीने को कस्बे में आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। थानाधिकारी यादव ने सदस्यों से थाना क्षेत्र मे संदिग्ध व्यक्तयों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। इस मौके पर एएसआई सुनील कुमार, एएसआई कुलदीप सिंह, एएसआई ओमप्रकाश, दिलीप सिंह, पंडित आदित्यनारायण सुरोलिया, मनीष शर्मा, मुकेश पारीक डूंडलोद, हुसैन खान कायमखानी डूंडलोद, ओमप्रकाश विर्ख, बबलू शर्मा, संपत कुमार, विजयपाल, हरफुल सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता कल

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, खेल विभाग एवं जिला प्रशासन झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर 20 फरवरी को श्दिव्यांग खेलकूद प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सामाजिक समावेशन, समान अवसर और समान अधिकार की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. पवन पूनिया ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच उपलब्ध कराना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना तथा समाज को यह संदेश देना है कि दिव्यांगजन किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। जिला खेल अधिकारी राजेश ओला ने जानकारी दी कि एक दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्वर्ण जयंती स्टेडियम, झुंझुनू में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों, संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े दिव्यांग खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता के अंतर्गत व्हीलचेयर रेस, 50 मी, 100 मी. एवं 400 मी. दौड़, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, व्हीलचेयर/ट्राईसाइकिल रेस तथा म्यूजिकल चेयर सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा तथा सांयकाल में प्रतियोगिता का समापन होगा। प्रतियोगिता में जिले के दिव्यांगजन, विशेष विद्यालयों के विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठन एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े प्रतिभागी भाग ले सकते हैं।

## 7 वाहनों की हुई नीलामी

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** आबकारी जोन बीकानेर के आबकारी आयुक्त की अध्यक्षता में मंगलवार को चूरू जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय परिसर में राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 के तहत पंजीकृत अभियोगों में जप्त कुल 64 वाहनों की सार्वजनिक रूप से नीलामी में कुल 57 वाहन नीलाम हुए।

इस दौरान बीकानेर जोन अतिरिक्त आयुक्त मनीषा लेघा, जिला आबकारी अधिकारी सुमेर सिंह मीणा, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, परिवहन निरीक्षक चन्द्रशेखर शर्मा तथा समस्त आबकारी निरीक्षक व प्रहराधिकारी, आबकारी निरोधक दल उपस्थित रहे। जिला आबकारी अधिकारी सुमेर सिंह मीणा ने बताया कि नीलामी के दौरान आरक्षित राशि 83 लाख 53 हजार रुपये व बोली राशि 1.37 करोड़ रुपये से कुल 57 वाहन नीलाम किए गए।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला फुंका

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** भिवाडी के खुशखेडा औद्योगिक क्षेत्र में अवैध पटाखा फैक्ट्री में भीषण अग्निकांड में मरे मजदूरों के लिए राज्य की भाजपाई सरकार को दोषी मानते हुए। सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला दहन किया। आरएएसएडब्ल्यूए एमए मील मजदूर सुबह सात बजे मील गेट पर इकठ्ठे होकर भजनलाल शर्मा का पुतला लेकर आक्रोश रैली के रूप में भगतसिंह सर्किल पहुँचकर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। मजदूरों को प्रत्येक मजदूर परिवारों को एक करोड रूपये मुआवजा देने की मांग कर मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर नारे बाजी कर आक्रोश जताया। इस मौके पर यूनियन के अध्यक्ष दीपचंद बाजिया, सूरजभान धायल, किसान सभा के तहसील अध्यक्ष केशाराम धायल, श्रवण कुमार, सुरेन्द्र कुमार, अनिल शर्मा, राज कुमार, शमशेर पाण्डेय, महादेव सिंह, धूडाराम, बनवारी लाल, संतोष पाण्डेय, संदीप कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



## जिला स्तरीय जनसुनवाई स्थगित

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार फरवरी, 2026 माह में गुरुवार, 19 फरवरी को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित किया गया है। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि जन अभियोग निराकरण विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 को 21 फरवरी, 2026 तक बढ़ाए जाने से अधिकारियों, कर्मचारियों की व्यस्तता को देखते हुए गुरुवार,19 फरवरी को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई को स्थगित किया गया है।

## माकपा की तहसील कमेटी की बैठक सम्पन्न



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** तहसील कमेटी खण्डेला की अतिआवश्यक बैठक रीगंस कार्यालय में तारा धायल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें सरकार की जन विरोधी नीति, जनविरोधी बजट व मनरेगा कानून को समाप्त करने व अमेरिका से की गई ट्रेड डील के विरोध में, बिजली, और बीज विद्येयक के विरोध में बड़ा आन्दोलन करने का फैसला लिया गया है।माकपा के राज्य कमेटी सदस्य व पर्यवेक्षक के रूप पधारे कामरेड हरफुल सिंह ने बताया कि दो मार्च को सीकर की कृषिउपज मंडी में किसान, मजदूर व आम जनता की बड़ी मीटिंग होगी। 24 फरवरी को गंगानगर से किसानों का जत्था चलकर बीकानेर, चूरू, डीडवाना होता हुआ 2 मार्च को सीकर की कृषिउपज मंडी में बड़ी आम सभा में पहुँचेगा। जिसको सीकर सासंद कामरेड अमराराम सहित अनेक केन्द्रीय नेता सम्बोधित करेंगे। 25 फरवरी से खण्डेला के गावों में, ढ़ाणियो व कस्बों में जनजागरण अभियान चलाकर अधिक से अधिक संख्या में 2 मार्च को सीकर कृषिउपज मंडी विशाल आम सभा में पहुंचने की अपील की जायेगी। इसके बाद जत्था जयपुर की ओर कूच करेगा। फिर भी सरकार जनविरोधी निर्णय वापस नहीं लेती है तो 24 मार्च को दिल्ली में संसद पर बड़ी रैली करने के लिए खण्डेला क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में भाग लेगें। यह भी निर्णय लिया गया है कि पार्टी के सदस्यता में ग्राम कमेटियों को टार्गेट दिया गया है। तथा पंचायत चुनावों और नगर निकाय चुनावों में भी पार्टी चुनाव लडने का निर्णय लिया गया है। आज की बैठक में कामरेड सुभाष नेहरा, सूरजभान धायल, भूदाराम बगडिया, केशाराम धायल, बीरबल बगडिया, रामेश्वर लापुआ, सागर मल धायल, सुरेन्द्र खोखर, एडवोकेट सीताराम पावण्डा, दीपचंद बाजिया, हरलाल सिंह, सागर मल बगडिया, मोहन लाल लाम्बा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## सूरजगढ़ को मिली सड़क विकास की बड़ी सौगात

निसं

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** जिले के सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सड़क अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ी सौगात दी है। राजस्थान बजट 2026-27 के पूरक बजट में घोषित योजनाओं के तहत सूरजगढ़ क्षेत्र के लिए अनेक महत्वपूर्ण सड़क विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा तथा आमजन को बेहतर सड़क सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्वीकृत कार्यों में झाझा-भिर्र रोड, उरिका से हरियाणा सीमा तक, कासणी से बीजोली का बास तक, पिचाणवा से ब्राह्मणों की ढाणी तथा सिरसला से सुल्ताना अहीरान तक सड़क निर्माण शामिल है, जिसके लिए 3 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। इसी क्रम में स्यालु कलां से सेही कला रोड होते हुए उधमपुरा रामरख की ढाणी तक 1 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 50 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही सूरजगढ़ क्षेत्र में विभिन्न मिसिंग लिंक सड़कों कुल लंबाई 10.5 किलोमीटर के निर्माण के लिए 4 करोड़ 20 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। अन्य योजनाओं में स्टेट हाईवे सूरजगढ़ मंडी से रघुनाथपुरा-सूरजगढ़ तक 1 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 50 लाख रुपये तथा राजवीरपुरा से



जाखोद कासणी तक 2.5 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 1 करोड़ 35 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं, जिससे संबंधित गांवों को सीधी एवं सुरक्षित सड़क सुविधा मिलेगी। इसके अतिरिक्त सूरजगढ़-स्वामी सेही-तोला सेही-डालमियों की ढाणी होते हुए एनएच-11 तक 12 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 9 करोड़ 90 लाख रुपये की बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। इन सभी योजनाओं को मिलाकर सूरजगढ़ क्षेत्र में सड़क विकास कार्यों पर कुल 19 करोड़ 45 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। यह उपलब्धि सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार के निरंतर प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि बजट से पूर्व विधायक श्रवण कुमार ने राज्य की वित्त मंत्री दिया कुमारी से भेंट कर इन सभी कार्यों की मांग रखी थी। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्रीय संपर्क मार्ग मजबूत होंगे तथा व्यापार, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान बनेगी, जिससे सूरजगढ़ क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति मिलेगी।

## नि:शुल्क साइकिल वितरण से छात्राओं के खिले चेहरे



निसं

**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बीदसर में कक्षा 9वीं की छात्राओं के लिए साइकिल वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राजकुमार ने की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि रामावतार रोयल, बृजमोहन गढ़वाल, जवाहर सियाग एवं भंवरलाल खीचड़ उपस्थित रहे।

अतिथियों ने छात्राओं को साइकिलें वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि साइकिल मिलने से दूर-दराज क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं की पढ़ाई में सहूलियत होगी, समय की बचत होगी और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ेगा। उन्होंने इस योजना को बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ. राजकुमार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ, ग्रामीणजन, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## युवा सम्मेलन कल से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट जयपुर में यूथ फॉर इंडिया 2047 श्रृंखला के अंतर्गत 13वें अंतर्राष्ट्रीय युवा सम्मेलन का आयोजन 20 और 21 फरवरी को होगा। इस सम्मेलन का विषय एआई डिसरप्शन एंड ऑपर्च्युनिटीज प्रिपेरिंग यूथ पॉर ग्लोबल चैलेंजेज है। यह दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विद्यार्थियों, शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत के नेताओं को एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। जहां वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवाचार, नेतृत्व और युवा सशक्तिकरण की बदलती भूमिका पर विचार.विमर्श करेंगे। इसमें विश्व भर के चालीस महाविद्यालयों से एक हजार से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता होगी। सम्मेलन का उद्घाटन डॉ. सतीश पूनिया, भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रभारी करेंगे। इसमें प्रसिद्ध सेलिब्रिटी एवं युवा आइकन रणविजय सिंहा भी शामिल होंगे। समापन सत्र में युवा विकास और उच्च शिक्षा से जुड़े वरिष्ठ शिक्षाविद एवं नीति.निर्माता उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में 50 से अधिक विशिष्ट वक्ता शामिल होंगे। दो दिनों के दौरान 80 से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुतियाँ और 30 से अधिक पोस्टर प्रस्तुतियाँ भी होंगी। इनमें युवा शोधार्थियों के नवीनतम शोध और नवोन्मेषी विचार प्रस्तुत किए जाएँगे। यह सम्मेलन युवाओं को भविष्य के लिए आवश्यक कौशल, समालोचनात्मक चिंतन क्षमता और वैश्विक दृष्टिकोण से सुसज्जित करने का लक्ष्य रखता है।

## सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम जयपुर के आसमान में बिखेरेंगी रोमांच

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय वायुसेना की सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम जयपुर के लोगों को हवाई कौशल, अनुशासन और टीमवर्क का अद्भुत प्रदर्शन दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी रंगीन हेलीकॉप्टरों और शानदार फॉर्मेशन फ्लाइंग के लिए प्रसिद्ध यह टीम 19-20 फरवरी तक अभ्यास उड़ानें भरेगी, जबकि अंतिम प्रदर्शन 22 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी रक्षा राजस्थान निखिल धवन के अनुसार सारंगक-संस्कृत में जिसका अर्थ मोर है, भारतीय वायुसेना का गौरवशाली ब्रांड एंबेसडर है। जो इसके एयर वॉरियर्स की पेशेवर दक्षता और उत्कृष्टता का प्रदर्शन करता है।



स्थापना के बाद से ही सारंग ने अपनी विशिष्ट समन्वित एरोबेटिक कलाबाजियों से दुनिया भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। टीम ने वर्ष 2004 में सिंगापुर में एशियन एयरोस्पेस शो में अंतरराष्ट्रीय मंच पर पदार्पण किया और तब से अब तक विश्व के 390 से अधिक स्थानों पर 1 हजार 200 से ज्यादा प्रदर्शन कर चुकी है। जब सारंग टीम जयपुर के आकाश को रंगों से सजाएगी तब पिंक सिटी में विरासत और उच्च-स्तरीय विमानन का दुर्लभ संगम देखने को मिलेगा। शाही किलों और महलों की कालातीत पृष्ठभूमि में दर्शक एक ऐसे रोमांचक नजारे की अपेक्षा कर सकते हैं, जहाँ सटीक फॉर्मेशन फ्लाइंग और शहर की जीवंत आत्मा का सुंदर मेल होगा जो साहस, कौशल और राष्ट्रीय गौरव, भारतीय वायुसेना की स्थायी पहचान का उत्सव मनाएगा।

## बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता रथ रवाना

निसं

**चूरू( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में बुधवार को जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग, महिला अधिकारिता विभाग तथा राजस्थान महिला कल्याण मंडल, चूरू द्वारा संचालित परियोजना एक्सिस टू जस्टिस के संयुक्त तत्वाधान में जन जागरूकता रथ यात्रा की शुरुआत की गई। सीईओ श्वेता कोचर ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है, जिसे जड़ से समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की कि बाल विवाह जैसी घटनाओं की सूचना प्रशासन को दें और बाल अधिकारों की रक्षा में सहयोग करें। बाल अधिकारिता सहायक निदेशक सत्येन्द्रपाल वीर ने बताया कि बाल विवाह की रोकथाम हेतु देशभर में चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के सौ दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत रथ यात्रा से आमजन को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह की सूचना श्बचपन बचाओ आंदोलन के टोल फ्री नंबर 18001027222, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले की पहचान पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी। राजस्थान महिला कल्याण मंडल, चूरू



की जिला समन्वयक रूकैया पठान ने बताया कि 1098 पर बाल विवाह की सूचना के लिए सूचित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा प्रथम द्वितीय व तृतीय सप्ताह के अनुसार जलि के तहसील स्तरीय और 50 ग्रामीण क्षेत्रों तक जाकर बाल विवाह की रोकथाम को लेकर ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं व बच्चों को जागरूक करेगी। आठ मार्च तक संचालित रथ यात्रा कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह रोकथाम हेतु कानून के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी जाएगी इस दौरान एसीईओ भागचंद खारिया, महिला अधिकारिता सहायक निदेशक राजेंद्र सिंह, सखी सेंटर केंद्र अधीक्षक पूनम, सुपरवाइजर कृष्णा, सुमन चौधरी, चाइल्ड लाइन समन्वयक पन्ने सिंह, सुमन चौपड़ा ज्योति बागड़ी, जयकरण कांटीवाल आदि उपस्थित रहे। उपस्थितों ने कैनवास पर हस्ताक्षर कर बाल विवाह रोकथाम का संकल्प लिया।

# निशान यात्रा से श्याम भक्ति में लीन हुआ रींगस

## बारिश भी नहीं रोक पाई भक्तों को

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** रींगस श्रीश्याम प्रेमी मित्र मण्डल रींगस की ओर से 9 वी निशान पद यात्रा प्राचीन श्याम मंदिर रींगस की निकाली गई। निशान यात्रा में हजारों भक्तों ने हाथों में निशान थाम कर यात्रा शुरू की। श्याम प्रेमी नितिन त्रिपाठी ने बताया कि हजारो भक्त चौपड बाजार स्थित गोपीनाथ राजा मंदिर के पास पहुंचे। यहा पर विधि विधान से भगवान की पूजा अर्चना कर बैण्ड बाजो तथा डिजे पर निशान यात्रा शुरू की। हजारो भक्तो ने हाथो में केसरिया निशान लेकर लखदातार के भजनो पर झूमते हुए रवाना हुए। यात्रा आजाद चौक भातरो का मोहल्ला, डाकबालो का मौहल्ला, अस्पताल रोड नगर पालिका के सामने से होते हुए गांव का बस स्टैण्ड की तरफसे रामानंद रोड होते हुए प्राचीन श्याम मंदिर रींगस पहुंची। इस दौरान बारिश भी हुई लेकिन वर्षा भी भक्तों की राह नहीं रोक पाई। इस दौरान महिलाओ ने जमकर मंगलगीत व भजन गाये तथा भजनों पर थिरकते



हुए पहुंची। प्राचीन श्याम मंदिर में पर भक्तो ने अपने निशानों की पूजा अर्चना कर अपने आराध्य देव लखदातार के चढ़ाये। भक्तो ने अपने आराध्य की झलक देख कर भाव विभोर हो गये। प्रसादी का भोग लगाकर खुशहाली की मन्नते मांगी। इसके बाद भक्तो ने स्वामणी का आयोजन किया। इस दौरान विरेन्द्र काबरा राजू बधालका, गोपाल साबू सहित सैकडो महिला पुरुश मौजूद थे।

## झमाझम बारिश से बम्पर फसल की उम्मीद

निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** रींगस सहित आस पास के इलाको में मंगलवार रात से बुधवार दोपहर तक झमाझम बारिश का दौर चला। कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश से जगह जगह पानी भर गया बारिश के चलते बाबा श्याम के आने वाले पदयात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मंगलवार रात करीब नो बजे से ही कभी रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ। रूक रूक कर बारिश का दौर बुधवार दोपहर तीन बजे तक जारी रहा। किसान सुभाष अजीत सामोता महेन्द्र निठारवाल ने बताया कि दो



दिन तक हुई रिमझिम व झमाझम बारिश से फसलों को व्यापक फायदा हुआ है। फसलों को एक सिचाई की आवश्यकता थी। बारिश से फसलों को पानी की पूर्ण आपूर्ति हो गई। इससे फसलों को कई तरह से फायदा मिलेगा। एक तो गर्मी थोड़ी कम हो जायेगी इससे फसलों को लाभ मिलेगा यही पानी की प्रर्याप्त पूर्ति हुई है। इससे चना, जौ, गेहूं, सरसों को जबरदस्त फायदा मिला है। इस बारिश की किसानों को आवश्यकता थी। रींगस में तहसील कार्यालय के अनुसार 6 एमएम बारिश हुई।

# विशेष जागरूकता शिविर आयोजित



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में बुधवार को जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र में डॉ भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजनान्तर्गत विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। महाप्रबंधक उजाला ने बताया कि योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके तहत लाभार्थियों को ऋण व अनुदान जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, जिससे वे अपना स्वयं का उद्योग स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, पात्रता शर्तों एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी फिरोज भाटी ने डॉ भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना की पूर्ण जानकारी देते हुए अन्य विभागीय योजनाओं की भी जानकारी दी। इस दौरान बीओबी एफएससी नवाब खान, आरसेटी प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर राजवीर सिंह राठौड़ सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भवन निर्माण मजदूरी यूनियन का गठन



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** किसान मजदूर भवन में भवन निर्माण मजदूर यूनियन का प्रथम सम्मेलन हुआ सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए किसान सभा के जिला मंत्री कामरेड उमराव सहारण ने कहा कि भवन निर्माण का काम करने वाले सभी मजदूरों को संगठित होकर अपने हितों की रक्षा करनी चाहिए तथा भवन निर्माण का कार्य सबसे जोखिम भरा हुआ कार्य है इसलिए हम सरकार से मांग करते हैं कि भवन निर्माण मजदूर को सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य लाभ दिया जावे। इस अवसर पर सम्मेलन में सर्व सहमति से प्रहलाद जांगिड़ अध्यक्ष तथा उमाशंकर प्रजापत मंत्री चुने गए। सम्मेलन को किसान सभा के राज्य नेता निर्मल कुमार, चिमनाराम पांडर, दाताराम भाकर, रामस्वरूप सारण, विक्रम सोनी, बलवीर सिंह ने अपने विचार प्रकट किया। इस अवसर पर महेश कुमार, सरवन कुमार, नरेश जांगिड़, तेजपाल, महेंद्र कुमार, लालचंद, पवन कुमार, कालूराम प्रजापत, मुकेश कुमार, कुंदन बरोड़ मनीष सैनी आदि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में बुधवार को गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई और नि:शुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए माँ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए गए। चिकित्सकों ने गर्भवती की जांच के साथ गर्भ में पल रहे शिशु तथा गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि जिले में प्रत्येक माह की 9, 18, 27 तारीख को सभी जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। चिकित्सालयों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच गई। साथ ही विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को नि:शुल्क सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए गए ताकि गर्भवती महिला कूपन के माध्यम से विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी नि:शुल्क करवा सके। उन्होंने बताया कि दिवस पर गर्भवती के हिमोग्लोबिन कम होने पर चिकित्सक की देखरेख में एफसीएम लगाया गया।

# राम-नाम की गूंज के बीच दो दिवसीय खुला साधना-सत्संग संपन्न

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** सरदारशहर में राम–नाम की गूंज और भक्ति भाव के साथ आयोजित दो दिवसीय खुला साधना–सत्संग एवं नाम दीक्षा का भव्य आध्यात्मिक आयोजन श्रद्धा और शांति के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह आयोजन स्थानीय पुलिस थाने के पीछे स्थित श्रीरामशरणम सत्संग हॉल में 17 एवं 18 फरवरी 2026 को आयोजित किया गया। वरिष्ठ साधक ओमप्रकाश सैनी ने बताया कि यह आयोजन परम आदरणीय संत शिरोमणि श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज, परम पूज्य संत प्रवर्तक श्री प्रेम जी महाराज तथा परम श्रद्धेय ब्रह्मलीन डॉ. श्री विश्वामित्र जी महाराज की असीम कृपा से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान कुल 215 साधकों ने सत्संग में सहभागिता की वहीं लगभग 70 साधकों ने नाम दीक्षा ग्रहण कर राम–नाम जप का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: ध्यान एवं कीर्तन से हुआ। इसके पश्चात श्री अमृतवाणी जी का सामूहिक पाठ, भजन, प्रवचन एवं नाम दीक्षा आयोजित की गई। समापन अवसर पर सामूहिक पाठ, भजन एवं आरती के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा। वरिष्ठ साधक ईश्वर प्रजापत ने बताया कि नाम दीक्षा की प्रक्रिया पूर्णत: सरल एवं सहज रही, जिसमें किसी प्रकार का आडंबर, गुरु–दक्षिणा अथवा बंधन नहीं है। इसमें केवल साधना एवं राम–नाम जप का संकल्प कराया गया।

# अंतर्राज्यीय शादी रैकेट का भंडाफोड़ : दस हजार का इनामी मुख्य आरोपी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** विवाह के नाम पर ठगी और मानव तस्करी के सनसनीखेज मामले में लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी भंवरलाल शर्मा को आखिरकार पुलिस ने धर दबोचा। आरोपी को जयपुर के भांकरोटा क्षेत्र स्थित जयसिंहपुरा इलाके से पुलिस मुख्यालय की सीआईडी अपराध शाखा की टीम ने दस्तयाब कर लिया और उसे पुलिस थाना गिड़ा, जिला बालोतरा से आई टीम के सुपुर्द कर दिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित है। आरोपी शादी के नाम पर ठगी और मानव तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का मुख्य सूत्रधार है। यह गिरोह असम, बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड से युवतियां लाकर शादी के नाम पर सौदेबाजी की वारदातों में लिप्त था। क्राइम ब्रांच की एसपी ज्येष्ठा मैत्रयी ने बताया कि जांच में सामने आया है कि आरोपित भंवरलाल शर्मा का नेटवर्क देश के कई राज्यों में फैला हुआ था। यह गिरोह कोलकाता, असम, बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड जैसे राज्यों से गरीब युवतियों को शादी या काम का झांसा देकर राजस्थान लाता था। इसके बाद इन लड़कियों को पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में उन कुंवारे लड़कों को ऊँची कीमतों पर बेच दिया जाता था। जिनकी शादियां नहीं हो रही थीं। शादी के कुछ समय बाद ही यह गिरोह पीड़ितों को कानूनी मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर दोबारा अवैध वसूली और ठगी का खेल खेलता था। ज्येष्ठा मैत्रयी ने बताया कि लंबे समय से फरार और इनामी अपराधियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। इसी क्रम में भंवरलाल शर्मा की लोकेशन पर सतत निगरानी रखी जा रही थी। जिस पर सब इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार शर्मा और कांस्टेबल बृजेश कुमार से प्राप्त पुख्ता सूचना के आधार पर टीम ने भांकरोटा के जयसिंहपुरा इलाके में दबिश दी और आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक शंकर दयाल शर्मा, हेड कांस्टेबल कुलदीप सिंह और कांस्टेबल नरेश कुमार की विशेष भूमिका रही। टीम की समन्वित रणनीति और तकनीकी निगरानी के चलते दो साल से फरार चल रहा आरोपी आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी भंवरलाल शर्मा का आपराधिक इतिहास पुराना रहा है। उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार वर्ष 2005 से उसके विरुद्ध विभिन्न थानों में कई प्रकरण दर्ज हैं। इनमें थाना सांगानेर सदर, थाना सदर जयपुर, थाना श्याम नगर जयपुर, थाना गांधी नगर अजमेर, थाना केकड़ी सिटी जिला केकड़ी, थाना गिड़ा जिला बालोतरा सहित अन्य स्थानों के मामले शामिल बताए गए हैं। जिनमे उसके विरुद्ध अपहरण, फिरौती के लिए धमकाना, धोखाधड़ी और दुष्कर्म, बलवा करने, अवैध रूप से संपत्ति को नुकसान पहुँचाने, आर्म्स एक्ट तथा अन्य गंभीर धाराओं के मामले शामिल रहे हैं। पुलिस को उम्मीद है कि पूछताछ में गिरोह के अन्य नेटवर्क और संभावित पीड़ितों के बारे में महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं। एसपी मैत्रयी ने बताया कि आरोपी भंवरलाल शर्मा एक शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी कई गंभीर मामले दर्ज हैं। वह पिछले कई वर्षों से बाहरी राज्यों की युवतियों को लाकर उनकी सौदेबाजी करने वाले संगठित गिरोह का संचालन कर रहा था। पुलिस मुख्यालय की इस कार्रवाई के बाद अब इस गिरोह के नेटवर्क से जुड़े अन्य चेहरे बेनकाब होने की उम्मीद है।

# बेहतरीन कार्य करने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र का सीएचसी प्रभारियों ने किया भ्रमण

निसं



**चूरू( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार बेहतरीन कार्य करने वाले जिले के सुजानगढ़ ब्लॉक स्थित भानिसरिया तेज उप स्वास्थ्य केन्द्र का बुधवार को जिले के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सा प्रभारियों, लेबर रूम प्रभारी, नर्सिंग अधिकारियों एवं एएनएम ने अध्ययन भ्रमण किया। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि इस दौरान गर्भवती महिलाओं की प्रथम एएनसी जांच, टीकाकरण एवं सुरक्षित प्रसव से संबंधित कार्यप्रणाली की जानकारी साझा की गई।

भानिसरिया तेज उप स्वास्थ्य केन्द्र पर एएनएम द्वारा प्रतिमाह 25 से अधिक संस्थागत प्रसव कराए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार कम प्रसव वाले सीएचसी के स्टाफ को यहां विजिट करवाया गया, ताकि बेहतर कार्यप्रणाली को अन्य क्षेत्रों में भी अपनाया जा सके। आरसीएचओ डॉ शशांक चौधरी ने बताया कि एएनएम कमला द्वारा गर्भवती महिलाओं से निरंतर संपर्क, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत नियमित जांच एवं आशा सहयोगिनी के सहयोग से सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

बीसीएमओ डॉ भूपेन्द्र मेघवाल ने बताया कि एएनएम कमला पिछले 10 वर्षों से इसी उप स्वास्थ्य केन्द्र पर कार्यरत हैं, जिससे क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिवारों के साथ मजबूत समन्वय बना हुआ है।

# प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान के तहत जागरूकता व निरीक्षण



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** पंचायत समिति चिड़ावा द्वारा चलाए जा रहे प्लास्टिक कचरा मुक्त अभियान–2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकास अधिकारी अनिषा बिजारणिया ने ग्राम पंचायत चनाना का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत भवन, भारत निर्माण सेवा केन्द्र, श्री अन्नपूर्णा रसोई, मुख्य बाजार एवं बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे का संग्रहण कराया गया। साथ ही दुकानदारों एवं वाणिज्यिक संस्थानों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया गया और कचरा संग्रहण कार्य कर रहे संवेदक से फीडबैक भी लिया गया। श्री अन्नपूर्णा रसोई के निरीक्षण के समय ग्रामीण महिलाओं को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए राज्य सरकार के दिशा–निर्देशों के उल्लंघन पर लागू प्रावधानों एवं जुर्माने से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी विजेन्द्र कुमार सोनी, ब्लॉक समन्वयक प्रवीण कुमार तथा ग्राम विकास अधिकारी रमन धनखड़ सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गाय को राज्य माता दर्जा देने की पहल तेज

## विधानसभा अध्यक्ष से मिला प्रतिनिधिमंडल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य में गौ–संरक्षण को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शिष्टाचार भेंट कर गौ–पालन संवर्धन, गौ–संरक्षण और गौ–आधारित प्राकृतिक, जैविक कृषि पर विशेष सत्र आयोजित करने की मांग रखी।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि हाल के दिनों में सदन और राजनीतिक गलियारों में गौ–संरक्षण का मुद्दा प्रमुखता से उठ रहा है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस सहित विभिन्न दल गौ–हित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जता रहे हैं। ऐसे में यदि इस विषय पर विशेष सत्र आयोजित होता है तो गाय को राज्य माता का दर्जा सर्वसम्मति से दिए जाने का मार्ग भी प्रशस्त हो सकता है। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सीपी जोशी, कोटा दक्षिण विधायक संदीप कुमार शर्मा तथा परिषद प्रतिनिधि संजय पथरिया भी उपस्थित रहे। बैठक में ग्रामीण विकास, किसानों की आय वृद्धि, गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने, जैविक कृषि के विस्तार और राजस्थान को चरणबद्ध रूप से जैविक प्रदेश बनाने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

डॉ. गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष को भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक स्वरूप गौ माता की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। वहीं सांसद जोशी एवं विधायक शर्मा ने दुपट्टा ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया। प्रतिनिधिमंडल ने गौ–आधारित प्राकृतिक कृषि, गौ–संरक्षण नीति, जैविक इनपुट उत्पादन, औषधीय पौधों के विकास और ग्रामीण रोजगार सृजन जैसे विषयों पर व्यापक विमर्श के लिए विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने विषय की गंभीरता स्वीकार करते हुए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि राजस्थान देश का अग्रणी गौ–आधारित जैविक एवं प्राकृतिक कृषि मॉडल राज्य बन सकता है। समन्वित नीतिगत निर्णय लिए जाएं तो यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और किसान समृद्धि के लिए ऐतिहासिक सिद्ध होगी।

# मिसाल : डॉक्टर युगल ने बिना दहेज रचाई शादी



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल सैनी ने अपने सुपुत्र आयुष्मान डॉक्टर प्रदीप सैनी का शुभ विवाह ढानी पोलादास श्रीमाधोपुर सीकर के राजकुमार सैनी की सुपुत्री आयुष्मति डॉक्टर सुषमा सैनी के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ बिना किसी दहेज के केवल एक रुपया नारियल कन्या और कलश शगुन में लेकर दहेज मुक्त विवाह संपन्न करवा कर प्रेरणादाई उदाहरण पेश किया है। जिसको लेकर क्षेत्र और समाज में सभी ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं देकर प्रशंसा की है।

# कार्यालयों का औचक निरीक्षण, 327 अधिकारी, कर्मचारी मिले अनुपस्थित

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दिनेश कुमार के निर्देशानुसार बुधवार को जिले में राज्य स्तरीय निरीक्षण दल ने कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। शासन उप सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक निरीक्षण सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में राज्य स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा चूरू जिला मुख्यालय पर निरीक्षण के दौरान 04 कार्यालय बंद मिले तथा कुल 327 अधिकारी, कर्मचारी अनुपस्थित मिले। टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान चूरू जिला मुख्यालय के कुल 75 रजिस्टर लिए गए, जिनमें 179 राजपत्रित में से 79 तथा अराजपत्रित 684 में से 248 अधिकारी, कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इसी के साथ चूरू पंचायत समिति की पंचायत शाखा, चूरू ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी कार्यालय, जोधपुर डिस्कॉम में कार्मिक अधिकारी शाखा तथा कृषि सहायक निदेशक मुख्यालय चूरू कार्यालय के कक्षों व मुख्य द्वार पर ताले पाए गए। उन्होंने बताया कि अनुपस्थित कार्मिकों पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करने बाबत रिपोर्ट उच्च स्तर पर प्रस्तुत की जाएगी। इस दौरान दल के सदस्य अनुभागाधिकारी महेन्द्र कुमार सरावता, सहायक अनुभागाधिकारी चैनाराम, वीर सिंह, तरूण मीणा, सुरेन्द्र सिंह नौहवार साथ रहे।

# क्षतिग्रस्त सड़क से वाहनों के आवागमन में परेशानी



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में सालासर टोल मार्ग पर ग्राम भींचरी के पास क्षतिग्रस्त सड़क की वजह से आए दिन वाहनों के पहिये फंसते रहते हैं, जिसके चलते कई घंटों तक वाहन जाम में फंस जाते हैं। ये हालात पिछले कई वर्षों से बने हुए हैं। रतनगढ़ व सालासर के बीच टोल सड़क का निर्माण हुए लगभग पांच वर्ष हो चुके हैं, लेकिन भींचरी के पास न्यायालय के आदेशों के चलते सड़क का निर्माण नहीं हो पाया। वर्तमान में उक्त मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया है, लेकिन वह निर्माण भी बेतरतीब ढंग से होने के कारण सड़क के किनारे खड्डे बने हुए हैं, जिससे आए दिन वाहनों के चक्के फंस जाते हैं और दर्जनों वाहन जाम में घंटों तक फसे रहते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणजनों ने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से गुहार भी लगाई है, लेकिन समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ है। उक्त स्थान पर दो वाहनों के पहिये इस कदर फंस गए कि उन वाहनों को क्रेन भी नहीं निकाल पाई। काफी देर तक क्रेन से वाहनों को निकालने का प्रयास किया गया। स्थिति ज्यों कि त्यों बनी हुई है तथा दर्जनों वाहन जाम में फंसकर रह गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नियमानुसार अगर सड़क का निर्माण उक्त स्थान पर हो जाए और बनने वाली सड़क के आसपास के खड्डों को भर दिया जाए, तो यातायात सुगम हो सकेगा। सरपंच फोरम के पूर्व अध्यक्ष सज्जन बाटड़ ने बताया कि चेत्र माह में सालासर मेला भी शुरू होगा तथा इस रास्ते से प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहनों का आवागमन होगा, उससे पहले.पहले इस समस्या का समाधान होने से लोगों को राहत मिलेगी।

# गौ हत्या प्रकरण पर सियासत तेज : कांग्रेस कार्यकर्ताओं मुख्यमंत्री और विधायक गोपाल शर्मा का किया पुतला दहन

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** श्याम नगर थाना क्षेत्र में सामने आए कथित गौ हत्या प्रकरण को लेकर शहर की सियासत गरमा गई है। मामले में पुलिस कार्रवाई और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सोडाला क्षेत्र में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा का पुतला दहन कर सरकार के खिलाफनारेबाजी की। मौके पर पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, कांग्रेस नेता दशरथ सिंह सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रताप सिंह खाचरियावास ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार गौ माता के नाम पर राजनीति कर रही है, जबकि वास्तविक दोषियों के खिलाफठोस कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो कांग्रेस जयपुर में भाजपा सरकार के खिलाफ बड़ा जन आंदोलन छेड़ेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता सब देख रही है और गौमाता के नाम पर राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उधर पुलिस प्रशासन का कहना है कि प्रकरण की जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल यह मुद्दा सदन से लेकर सड़कों तक चर्चा में है और आने वाले दिनों में राजनीतिक टकराव और तेज होने के संकेत मिल रहे हैं।

# सूर्यकिरण एयर शो : 20 व 22 को जल महल पर भव्य आयोजन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में 20 और 22 फरवरी को जल महल पर आयोजित होने जा रहे सूर्यकिरण एयर शो की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम आकाश में सामूहिक उड़ान, समन्वित कलाबाजियां, क्रॉसओवर, सिंक्रोनाइज्ड मूवमेंट्स और रंगीन धुएं के साथ रोमांचक हवाई प्रदर्शन करेगी। आयोजन को जन–उत्सव का रूप देने के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन व्यापक तैयारियां कर रहे हैं। आमजन के प्रवेश के लिए पंजीकरण पूरी तरह डिजिटल रखा गया है। इच्छुक नागरिक राजस्थान के एसएसओ पोर्टल पर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग–इन कर ष्एयर शो जल महल रजिस्ट्रेशन सेवा के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फॉर्म भरने के बाद सहभागिता पास डाउनलोड कर उसकी मुद्रित प्रति साथ लाना अनिवार्य होगा। जिला प्रशासन ने यातायात, पार्किंग, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और संचार व्यवस्था की विस्तृत कार्य योजना लागू की है। विशेष रूट प्लान और डायवर्जन व्यवस्था रहेगी ताकि सामान्य यातायात प्रभावित न हो। कार्यक्रम स्थल पर बहुस्तरीय सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, ड्रोन प्रतिबंध, चिकित्सा दल, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड तैनात रहेंगे। वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और बच्चों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे दिशा–निर्देशों का पालन करें, प्रतिबंधित वस्तुएं न लाएं और सुरक्षा कर्मियों का सहयोग करें। पर्यटन की दृष्टि से भी यह आयोजन महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## सम्पादकीय

# नफरती भाषण पर सुप्रीम कोर्ट ने दिखाया आईना, सुनवाई से किया इनकार



सुप्रीम कोर्ट ने नेता एवं वकील कपिल सिब्बल की उस याचिका को सुनने से मना कर सही किया, जिसमें असम, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों के बयानों को आधार बनाकर हेट स्पीच यानी नफरती भाषण के खिलाफ कठोर दिशानिर्देश बनाने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने यह पाया कि इस याचिका में भाजपा के मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाकर यह सिद्ध करने की चेष्टा की गई थी कि केवल वही नफरती भाषण देने के आरोपित हैं। साफ है कि इस याचिका में बड़ी चतुराई से अन्य दलों के नेताओं के विषाक्त माने जाने वाले भाषणों का जानबूझकर उल्लेख नहीं किया गया। नफरती भाषण के खिलाफ दल विशेष के नेताओं को निशाना बनाने वाली इस याचिका ने यही बताया कि याचिकाकर्ता स्वयं दुराग्रह से ग्रस्त हैं। देखना है कि वे संशोधित याचिका दायर करते हैं या नहीं और उस पर सुप्रीम कोर्ट कोई दिशानिर्देश बनाता है या नहीं? वैसे यह आसान काम नहीं, क्योंकि नफरती भाषणों के खिलाफ प्रभावी गाइडलाइंस तभी बन सकती है, जब इसे परिभाषित किया जाए कि क्या नफरती है और क्या नहीं?

इस संदर्भ में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कई बार किसी की ओर से कटु सत्य के उल्लेख को द्वेष फैलाने वाला करार दिया जाता है तो कई बार नफरती भाषण को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आवरण पहनाने की कोशिश की जाती है। इस सबके बीच नेताओं की ओर से नफरती या फिर विभाजनकारी अथवा भड़काऊ भाषण दिए जाने का सिलसिला कायम है।

नफरती भाषण देने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई के मामले दुर्लभ ही हैं। इसका कारण यह है कि जब कोई नेता ऐसे भाषण देता है तो उसके दल के लोग उसका बचाव करने के लिए आगे आ जाते हैं। यह भी देखा गया है कि राज्य सरकारें नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में प्रायः पक्षपात करती हैं। कभी वे किसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करती हैं तो कभी किसी के घोर आपत्तिजनक बयान की भी अनदेखी कर देती हैं। इस तरह का सबसे चकित करने वाला मामला तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि का है, जिन्होंने सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया जैसा बताते हुए उसके खात्मे की बात की थी, पर राज्य सरकार ने उनके खिलाफ कुछ नहीं किया, क्योंकि वे मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की भी अनदेखी की गई। अंततः न्यायपालिका के दखल के बाद ही उनके खिलाफ मामला दर्ज हो सका। समस्या केवल यही नहीं कि संवैधानिक मूल्यों और शिष्टाचार की अनदेखी के चलते राजनीतिक विमर्श विषाक्त होता जा रहा है और यही माहौल नफरती भाषणों का जरिया बन रहा है। समस्या यह भी है कि नियमन के अभाव में डिजिटल मीडिया में भी नफरती टिप्पणियां बेलगाम हैं। इससे भी सार्वजनिक विमर्श विषाक्त हो रहा है।

## विशेष आलेख

# बंगाल का भविष्य : धर्म की लहर या प्रगति की राह?

**बंगाल की राजनीति लंबे समय तक वर्ग-संघर्ष, वाम वैचारिकी और सामाजिक न्याय के नारों के इर्द-गिर्द घूमती रही। लगभग तीन दशक तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में रहा। उससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व था। किंतु 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ एक नई धुरी बनी-तृणमूल बनाम भाजपा। आज स्थिति यह है कि वाम और कांग्रेस हाशिए पर हैं और मुकाबला दो ध्रुवों के बीच सिमट चुका है।**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा भले अभी बाकी हो, पर राजनीतिक रणभेरी बज चुकी है। इस बार संकेत साफ हैं–चुनाव विकास बनाम विकास के दावे पर नहीं, बल्कि पहचान, अस्मिता और धर्म की ध्वजा के इर्द–गिर्द घूम सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य भर में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलनों को भारतीय जनता पार्टी एक वैचारिक उत्सव भर नहीं, बल्कि चुनावी अवसर में बदलने की रणनीति पर आगे बढ़ती दिख रही है। दूसरी ओर ममता बनर्जी ने भी यह समझ लिया है कि यदि चुनाव की जमीन धार्मिक विमर्श पर खिसकती है तो उसे खाली नहीं छोड़ा जा सकता। कोलकाता के न्यू टाउन में 'दुर्गा आंगन' का शिलान्यास और उसे बंगाली अस्मिता से जोड़ने का प्रयास इसी रणनीतिक सजगता का हिस्सा है।

यही द्विध्रुवीयता चुनाव को अधिक तीखा और अधिक पहचान–केन्द्रित बना रही है। भाजपा का अभियान चार प्रमुख सूत्रों पर टिका है–बंगाल में हिंदू खतरे में है, बांग्लादेशी घुसपैठ, महिलाओं की असुरक्षा और भ्रष्टाचार। सीमावर्ती जिलों का उदाहरण देकर यह संदेश गढ़ा जा रहा है कि जनसांख्यिकीय संतुलन बदल रहा है। अवैध घुसपैठ का प्रश्न नया नहीं है, पर उसे इस समय राजनीतिक ऊर्जा के साथ जोड़ा जा रहा है। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना, शिक्षक भर्ती घोटाले, हिन्दुओं पर बढ़ते अत्याचार एवं भ्रष्टाचार जैसे प्रसंगों को शासन की विफलता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा का लक्ष्य स्पष्ट है–70 प्रतिशत हिंदू मतदाताओं में एक साझा असुरक्षा–बोध निर्मित करना, हिन्दुओं को जागृत करना और उसे मतदान व्यवहार में रूपांतरित करना। आज बंगाल में विकास की सबसे बड़ी बाधा घुसपैठियों का बढ़ना है। घुसपैठियों पर विराम लगाना चाहिए न कि इस मुद्दे पर राजनीति हो।

ममता बनर्जी की चुनौती दोहरी है। एक ओर उन्हें यह संदेश देना है कि वे अल्पसंख्यकों की संरक्षक हैं, दूसरी ओर हिंदू मतदाताओं को यह विश्वास भी दिलाना है कि उनकी आस्था और अस्मिता सुरक्षित है। 2021 के चुनाव में जब भाजपा ने 'जय श्रीराम' के नारे को आक्रामक रूप से उछाला, तब ममता ने 'जय मां दुर्गा' और 'चंडी पाठ' के माध्यम से एक सांस्कृतिक प्रत्युत्तर दिया था। इस बार वे दुर्गा आंगन जैसे प्रतीकों के जरिए यह संकेत दे रही हैं कि बंगाली हिंदू पहचान भाजपा की बपौती नहीं है। वे धर्म को राष्ट्रवाद की बजाय क्षेत्रीय अस्मिता के साथ जोड़ती हैं–बंगाल अपनी संस्कृति से हिंदू है, पर उसकी राजनीति बहुलतावादी है–यह उनका अंतर्निहित संदेश है। इसी बीच मुर्शिदाबाद में पूर्व तृणमूल नेता हुमायूं कबीर द्वारा 'बाबरी मस्जिद' के शिलान्यास की पहल ने नई जटिलता जोड़ दी है। इससे मुस्लिम मतदाताओं के भीतर एक अलग ध्रूवीकरण की



संभावना पैदा हुई है। यदि मुस्लिम वोटों का बंटवारा होता है, तो तृणमूल का गणित प्रभावित हो सकती है। 2021 में उसे लगभग 48 प्रतिशत वोट और 223 सीटें मिली थीं–जिसमें मुस्लिम मतों का एकमुश्त समर्थन निर्णायक था। भाजपा 38 प्रतिशत वोट के साथ 65 सीटें जीतकर मुख्य विपक्ष बनी। ऐसे में यदि मुस्लिम मत 5–10 प्रतिशत भी इधर–उधर खिसकते हैं, तो कई सीटों का परिणाम बदल सकता है और भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आ सकती है।

यहां प्रश्न केवल गणित का नहीं, राजनीति के चरित्र का भी है। क्या बंगाल का चुनाव धार्मिक पहचान के उभार का प्रयोगशाला बनेगा? या यह प्रयोग अंततः विकास, रोजगार और बुनियादी ढांचे के प्रश्नों पर लौटेगा? विडंबना यह है कि जिस बंगाल को कभी देश की आर्थिक राजधानी कहा जाता था–जहां से उद्योग, शिक्षा और सांस्कृतिक नवजागरण की रोशनी फैलती थी, वह आज अधूरे प्रोजेक्ट्स, धीमी औद्योगिक गति और रोजगार के पलायन से जूझ रहा है। कोलकाता की सड़कों पर अधूरी मेट्रो लाइनें और बंद कारखानों की चुप्पी विकास की उस कहानी को बयान करती हैं, जो राजनीतिक नारों के शोर में दब जाती है। 2011 में टाटा के नैनो प्रोजेक्ट का राज्य से बाहर जाना एक प्रतीकात्मक मोड़ था। भूमि अधिग्रहण के प्रश्न पर जनसमर्थन पाने वाली राजनीति ने उद्योग के प्रति संशय का वातावरण भी बनाया। पंद्रह वर्षों बाद भी बंगाल बड़े निवेश की प्रतीक्षा में है। युवा रोजगार के लिए बाहर जा रहे हैं, और कई राज्यों में उन्हें 'बांग्लादेशी' कहकर अपमानित किए जाने की खबरें आती हैं। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, आत्मसम्मान का प्रश्न भी है। किंतु चुनावी विमर्श में यह पीड़ा गौण हो जाती है, और केंद्र में आ जाता है–धर्म, पहचान और भय।

ममता बनर्जी केंद्र सरकार पर वित्तीय भेदभाव का आरोप लगाती हैं; भाजपा राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का। सी.बी.आई. और ई.डी. की कार्रवाइयों को ममता राजनीतिक प्रतिशोध बताती हैं, जबकि भाजपा उन्हें कानून का पालन। इस टकराव ने प्रशासनिक संवाद को भी राजनीतिक संघर्ष में बदल दिया है। परिणाम यह है कि विकास का एजेंडा आरोप–प्रत्यारोप की भेंट चढ़ जाता है। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या धर्म–आधारित ध्रूवीकरण स्थायी राजनीतिक समाधान दे सकता है? इतिहास बताता है कि धार्मिक उभार अल्पकालिक ऊर्जा तो देता है, पर दीर्घकालिक शासन–क्षमता की कसौटी पर उसे विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रश्नों से जूझना ही पड़ता है। यदि चुनाव केवल कौन किसका प्रतिनिधि है तक सीमित रह गया, तो कौन क्या करेगा का प्रश्न अनुत्तरित रह जाएगा।

बंगाल की आत्मा बहुलतावाद में रही है–रामकृष्ण परमहंस से लेकर रवींद्रनाथ तक, यह भूमि विविध आस्थाओं और विचारों का संगम रही है। यहां दुर्गा पूजा और मुहर्रम दोनों सामाजिक उत्सव का रूप लेते रहे हैं। यदि राजनीति इस सामाजिक ताने–बाने को चुनावी अंकगणित में बदल देगी, तो समाज की संवेदनशीलता पर चोट पहुंचेगी। दूसरी ओर, यदि धार्मिक प्रतीकों का उपयोग सांस्कृतिक आत्मगौरव के साथ विकास–प्रतिबद्धता को जोड़ने में किया जाए, तो वह सकारात्मक भी हो सकता है। इस चुनाव में भाजपा की रणनीति हिंदू मतों का अधिकतम ध्रूवीकरण है; ममता की रणनीति हिंदू पहचान को बंगाली अस्मिता के साथ समाहित कर अल्पसंख्यकों के विश्वास को बनाए रखना है। मुस्लिम दलों की सक्रियता तृणमूल के लिए चुनौती है, पर वह भाजपा के लिए अवसर भी है। यह त्रिकोणीय–संभावना चुनाव को जटिल बनाती है।

## आज का राशिफल

### मेष

भाग्य का साथ मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। चिंता तथा तनाव में वृद्धि होगी। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। समय नेष्ट है। नकारात्मकता रहेगी।

### वृष

आज भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। भागदौड़ रहेगी। जोखिम न लें। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है।

### मिथुन

कोई ऐसा कार्य न करें जिससे अपमान हो। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधनों पर व्यय होगा। स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। प्रॉपर्टी के काम बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में सुख-शांति रहेंगे।

### कर्क

शत्रु शांत रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

### सिंह

कम प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। कष्ट, भय, चिंता तथा तनाव का वातावरण बन सकता है।

### कन्या

कानूनी बाधा संभव है। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धनहानि किसी भी तरह हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ में वृद्धि होगी।

### तुला

आंखों को रोग व चोट से बचाएं। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। मनोरंजक यात्रा की आयोजना हो सकती है। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। मित्र व संबंधियों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। कारोबार मनोनुकूल रहेगा।

### वृश्चिक

थकान व कमजोरी रह सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधनों की प्राप्ति हो सकती है।

### धनु

दुष्टजनों से सावधान रहें, हानि पहुंचा सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कहीं से बुरी खबर मिल सकती है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। आज के काम कल पर नहीं टालें। विवेक का प्रयोग करें। लाभ होगा।

### मकर

संतान पक्ष से स्वास्थ्य तथा अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यशैली में परिवर्तन करना पड़ सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनूकूल लाभ देंगे।

### कुंभ

जल्दबाजी में कोई भी लेन-देन न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। फालतू खर्च होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे।

### मीन

प्रेम-प्रसंग में हड़बड़ी न करें। विवाद हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। युवक व युवती विशेष सावधानी बरतें। विवाद को बढ़ावा न दें। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। आय में निश्चितता रहेगी।

## स्वास्थ्य समाचार

# इतिहास और प्रकृति की नजदीकी है पसंद, तो घूम आएं खारे पानी की झील वाले शहर 'जांगलदेश'

इन गर्मियों की छुट्टियों में अगर आप कहीं घूमने जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको अपनी मंजिल चुनने से पहले कुछ बातों पर गौर जरूर करना चाहिए। दरअसल, हर व्यक्ति को घूमने के लिए अलग–अलग तरह की जगहें पसंद होती हैं। ऐसे में अगर आपको इतिहास, प्राकृतिक विविधता और खूबसूरती भरे नजारे देखने हैं, तो ऐसी एक बहुत ही शानदार जगह है। जिसका नाम है, नागौर, जो देश के सबसे बड़े खारे पानी वाली झील का शहर है। माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म, कू ऐप पर राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा नियमित रूप से प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी दी जाती है। कुछ वक्त पहले राजस्थान टूरिज्म ने उत्तर–पश्चिम मेवाड़ इलाके में स्थित नागौर के बारे में पोस्ट शेयर की थी। उत्तर में चूरू, उत्तर पश्चिम में बीकानेर और पूर्वोत्तर में सीकर जिले से घिरे नागौर के दक्षिण में पाली और पश्चिम व दक्षिण पश्चिम में जोधपुर हैं। इसके अलावा पूर्व में जयपुर व दक्षिण पूर्व में अजमेर है। नागौर जिले के दक्षिण पूर्व में खूबसूरत अरावली श्रृंखला है, जबकि दक्षिण पश्चिम में भारत की सबसे बड़ी खारे पानी वाली सांभर झील है। राजस्थान के बीच में स्थित नागौर को महाभारत काल में जांगलदेश के नाम से पुकारा जाता था। मुगल बादशाह शाहजहां ने राजा अमर सिंह राठौर को यह भेंट के रूप में दिया था और यह थार रेगिस्तान में यह फैला हुआ है। इस शहर पर कई बार आक्रमण हुआ और नागवंश, चौहान, राठौड़, मुगल और अंग्रेजों ने सालों तक राज किया।

### लाडनूं

समूचे भारत में सूती साड़ियों में यहां की साड़ियों को काफी बेहतरीन माना जाता है और इन साड़ियों को चटक रंग के साथ मुलायम कपड़े के लिए पसंद किया जाता है। 10वीं सदी में बसा यह स्थान जैन धर्म का महत्वपूर्ण केंद्र होने के साथ अहिंसा–करुणा का भी आध्यात्मिक केंद्र है।

### खींवसर किला


एक हैरिटेज होटल के रूप में विकसित किए जा चुके इस किले के बारे में माना जाता है कि इसे भी द्वितीय शताब्दी में नागवंश शासक द्वारा निर्मित करवाया गया था। थार रेगिस्तान के पूर्वी किनारे पर स्थित इस किले के आसपास काले हिरण घूमते नजर आ जाते हैं।

### कुचामन शहर

यहां बनी हवेलियां अपने शानदार वास्तुशिल्प के चलते शेखावाटी की हवेलियों से मिलती–जुलती दिखती हैं। यहां का सबसे महत्वपूर्ण कुचामन किला बहुत मशहूर है और दूर–दूर से लोग इसे देखने आते हैं। एक खड़ी पहाड़ी की चोटी पर बना यह राजस्थान का सबसे प्राचीन और दुर्गम किला है। इसके भीतर अपने आप में शानदार जल संचयन तकनीक, खूबसूरत महल के साथ अद्भुत भित्ति चित्र सैलानियों को काफी आकर्षित करते हैं। यहां पर जोधपुर के शासक की सोने–चांदी के सिक्कों की टकसालें भी मौजूद थीं। इस किले से ना केवल शहर बल्कि झील का मनोरम दृश्य और शहर के पुराने मंदिर, जाव की बावड़ी और खूबसूरत हवेली भी आसानी देखी जा सकती है।

### अहिछत्रगढ़ किला और संग्रहालय

नागौर में बने अहिछत्रगढ़ को 'फोर्ट ऑफ हुडेड कोबरा' यानी 'नागराज का फन' का नाम दिया गया है। करीब 36 एकड़ क्षेत्रफल में फैले इस



किले को 1985 में मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के संरक्षण में सौंप दिया गया था। यहां के महलों में ऐतिहासिक राजसी कुर्सी, मेज, सोफा, पलंग आदि लगे हुए हैं और दीवारों पर शाही चित्रकारी के अलावा बेहतरीन सजावटी सामान मौजूद है। 2002 में नागौर किले को संस्कृति विरासत संरक्षण के लिए यूनेस्को एशिया के पैसिफिक हैरिटेज अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### झोरड़ा

नागौर का झोरड़ा एक छोटा गांव है और कवि 'कानदानकल्पित' तथा प्रसिद्ध सूफी संत 'बाबा हरिराम' की जन्मस्थली है और इसके मशहूर होने की भी वजह है। हर साल भाद्रपद की चतुर्थी–पंचमी को सालाना मेला लगता है, जिसमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत अन्य स्थानों के लोग आते हैं।



### मीरा बाई स्मारक

यहां पर लाइट–साउंड शो के जरिए मीरा बाई का पूरा जीवन दिखाया जाता है। इसमें बचपन, भगवान श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम, उनको पति और आराध्य मानने का किस्सा, मेवाड़ के राजकुमार के साथ मीरा बाई के विवाह, पति की मृत्यु, राजसी वैभव त्यागकर वैराग्य के मार्ग पर जाने, वृंदावन–द्वारका में प्रवास को बेहतरीन रंग–बिरंगी रोशनी, ऑडियो के जरिए लुभावने ढंग से प्रदर्शित किया जाता है। इस दौरान मीरा बाई से जुड़े संगीतमय भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो जाता है।

### बड़े पीर साहब दरगाह

मशहूर पवित्र स्थान होने के चलते बड़े पीर साहब की दरगाह को 17 अप्रैल 2008 को बतौर संग्रहालय के रूप में भी खोल दिया गया। यहां मशहूर कुरान शरीफ है, जिसे हजरत सैयद सैफुद्दीन अब्दुल जीलानी ने सुनहरी स्याही में लिखा था। इसके साथ उनकी छड़ी, पगड़ी/टोपी के साथ ऐतिहासिक महत्व की तमाम चीजें भी मौजूद हैं। यहां 1805 तक के प्राचीन भारतीय सिक्के, अब्राहम लिंकन की छवि वाले अमेरिकी सिक्के भी मौजूद हैं।

### नागौर किला

राजपूत और मुग़ल स्थापत्य कला के बेहतरीन नमूने के रूप में मौजूद नागौर के किले के बारे माना जाता है इसे द्वितीय शताब्दी में नाग राजवंश शासक द्वारा निर्मित करवाया गया था। इसके बाद 12वीं शताब्दी में पुनर्निर्माण हुआ। तमाम लड़ाइयों का साक्षी यह किला उत्तर भारत के पहले मुग़ल गढ़ों में से एक होने के नाते राजपूत–मुग़ल स्थापत्य शैली का शानदार उदाहरण है। वर्ष 2007 में यहां फव्वारे और खूबसूरत उद्यान के साथ पुनर्निर्माण हुआ और इसकी चमक में चार चांद लग गए। यह सूफी संगीत उत्सव के आयोजन के लिए मशहूर है।

# अपनी ओर आकर्षित करता है ऋषिकेश का शांत और सुरम्य वातावरण

दिल्ली–एनसीआर के लोगों के लिए हर वीकेंड का पर्यटन स्थल ऋषिकेश धार्मिक दृष्टि से भी काफी महत्व रखता है। ऋषियों–मुनियों की इस तपोभूमि पर कई मंदिर ऐसे हैं जिनका उल्लेख पौराणिक ग्रंथों में भी मिलता है। ऋषिकेश को गढ़वाल हिमालय का प्रवेश द्वार और विश्व की योगनगरी के रूप में भी जाना जाता है। ऋषिकेश चार धाम तीर्थ स्थानों– बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के अलावा हरसिल, चोपता, औली जैसे हिमालयी पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए प्रारम्भिक बिन्दु भी है। ऋषिकेश का शांत और सुरम्य वातावरण सभी को अपनी ओर आकर्षित करता है। भारत के पवित्र स्थलों में से एक ऋषिकेश में कई साधु–संतों का आश्रम भी है। ऋषिकेश की सुंदरता बढ़ाने के लिए हिमालय की निचली पहाड़ियां और कल–कल बहती गंगा नदी भी अपना योगदान देती हैं। ऋषिकेश को चारधाम यानि केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री का प्रवेशद्वार माना जाता है। यहां सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशी लोग भी अध्यात्म और शांति की चाह में आते हैं और मोक्ष के लिए ध्यान लगाते हैं। ऋषिकेश के लोकप्रिय स्थलों की बात करें तो उसमें सबसे पहले लक्ष्मण झूला का नाम आता है। कहा जाता है कि गंगा नदी को पार करने के लिए लक्ष्मणजी ने इस स्थान पर जूट का झूला बनवाया था। झूले के बीच में पहुँचने पर वह हिलता हुआ प्रतीत होता है। 450 फीट लम्बे इस झूले के समीप ही लक्ष्मण और रघुनाथ मन्दिर हैं। झूले पर खड़े होकर आसपास के खूबसूरत नजारों का आनन्द लिया जा सकता है। लक्ष्मण झूला के समान राम झूला भी नजदीक ही स्थित है। त्रिवेणी घाट को ऋषिकेश में स्नान करने का प्रमुख घाट माना जाता है। इस घाट का नाम त्रिवेणी इसलिए है क्योंकि यहां तीन प्रमुख नदियों– गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम होता है। हर रोज शाम को त्रिवेणी घाट पर होने वाली गंगा आरती देखना मन को शांति प्रदान करता है और आरती की भव्यता भी देखने लायक होती है। नीलकण्ठ महादेव मंदिर सभी को अवश्य जाना चाहिए। मान्यता है कि भगवान शिव ने इसी स्थान पर समुद्र मन्थन से निकला विष ग्रहण किया गया था। मन्दिर परिसर में पानी का एक प्रसिद्ध झरना है जहाँ भक्तगण मन्दिर के दर्शन करने से पहले स्नान करते हैं।

# होलाष्टक की शुरुआत 24 से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होलाष्टक की शुरुआत 24 फरवरी से होगी। इसका समापन 3 मार्च को होलिका दहन के साथ होगा। इस दिन ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार होलाष्टक के आठ दिनों में सूर्य, चंद्रमा, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि और राहु सहित सभी ग्रह उग्र स्वभाव में रहते हैं। इस कारण इस अवधि में विवाहए गृह प्रवेश, मुंडन सहित अन्य मांगलिक कार्य करना शुभ नहीं माना जाता। इन दिनों नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव से बचने के लिए हवन-पूजन, भगवान का स्मरण तथा धार्मिक अनुष्ठान करना विशेष लाभकारी होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार होलाष्टक के दौरान जरूरतमंदों को अन्नए वस्त्र और धन का दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है तथा जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है। इस अवधि में भगवान विष्णु, भगवान शिव, हनुमानजी एवं भक्त प्रह्लाद की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। ओम नमो भगवते वासुदेवाय तथा महामृत्युंजय मंत्र का जाप मानसिक शांति, भय से मुक्ति और ईश्वर की कृपा प्रदान करने वाला माना गया है। विधि-विधान से पूजा-अर्चना और दान करने से सुख-समृद्धि एवं कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है।

### प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा में होगा होलिका दहन

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार होलिका दहन के लिए भद्रा रहित एवं प्रदोष व्यापिनी पूर्णिमा तिथि सर्वोत्तम मानी जाती है। यदि ऐसी स्थिति उपलब्ध न हो और भद्रा मध्य रात्रि से पूर्व समाप्त हो जाए तो भद्रा समाप्ति के बाद प्रदोष काल में होलिका दहन करना शास्त्रसम्मत माना गया है।

# कटारिया बने ब्लॉक अध्यक्ष

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** सीकर जिले की इंडियन नेशनल रेगुलेशन कांग्रेस रेवोलेशनर टीम नई दिल्ली ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सीताराम कटारिया को अजीतगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति महेंद्र कुमार सैनी, जिला अध्यक्ष सीकर की अनुशंसा पर की गई। नियुक्ति पत्र मिलते ही सीकर जिले के अजीतगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया। समर्थकों ने सीताराम कटारिया का साफा और मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सीताराम कटारिया ने कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ राहुल गांधी के संदेशों को आधार बनाकर संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेंगे। कार्यकर्ताओं ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई।

# विद्यार्थियों को दी आई स्टार्ट प्रोजेक्ट की जानकारी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय रतन देवी सेटिया पब्लिक स्कूल में आई स्टार्ट प्रोजेक्ट के तहत विधार्थियों को नवाचार के माध्यम से नये विचारों को विकसित करने एवं आई स्टार्ट राजस्थान के माध्यम से मिलने वाले प्रोत्साहन हेतु जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया। जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, चूरू के संयुक्त निदेशक नरेश टूहानिया, डिविजन इन्क्यूबेटर सेन्टर, आई स्टार्ट प्रोजेक्ट उप निदेशक विनोद कुमारी, इन्क्यूबेटर सेन्टर मेन्टर जीतमल, लॉचपेड के मेन्टर शाहरूख द्वारा विभिन्न स्कूलों के आये विद्यार्थियों को योजना की जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 400 विद्यार्थी उपस्थित हुए। कार्यकम में उपखण्ड अधिकारी ओम प्रकाश वर्मा, प्रोग्रामर गौरीशंकर नाई, एसीबीओ मन्जू पंवार, सहायक प्रोग्रामर गजेन्द्र सबलानिया, नगरपरिषद के त्रिलोकचन्द व विभिन्न स्कुलों से अध्यापक उपस्थित हुए।

# कचरे की आड़ में अफीम तस्करी का भंडाफोड़

### 12 किलो 800 ग्राम अफीम बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सिद्धमुख पुलिस ने कचरे से भरे ट्रक से 12 किलो 800 ग्राम अफीम बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को भी जब्त कर लिया है। प्चे अभिजीत पाटिल के सुपरविजन में की गई। प्चे अभिजीत पाटिल ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह सफलता मिली है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक ट्रक के माध्यम से कचरे की आड़ में अवैध अफीम की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर सिद्धमुख पुलिस ने नाकाबंदी कर संदिग्ध ट्रक को रुकवाया और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक में भरे कचरे के बीच छिपाकर रखी गई अफीम बरामद की गई। प्चे अभिजीत पाटिल ने कहा कि जोधपुर से भरकर पंजाब की ओर ले जा रही थे अफीम । पुलिस ने बालोतरा निवासी मेहराराम और मिश्राराम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सिद्धमुख इमरान खान के नेतृत्व में की गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ में अफीम तस्करी के बड़े नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की संभावना है।

### तस्करी नेटवर्क की जांच जारी

पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि बरामद अफीम कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। साथ ही तस्करी में शामिल अन्य संदिग्धों की तलाश भी जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# युवा कांग्रेस संगठन चुनाव का ऐलान : 22 फरवरी से सदस्यता अभियान शुरू

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** इंडियन यूथ कांग्रेस राजस्थान में संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कार्यालय मुख्यालय में युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण आयुक्त सज्जाद तारिक ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। युवा कांग्रेस चुनाव प्राधिकरण आयुक्त सज्जाद तारिक ने बताया कि उन्होंने बताया कि राजस्थान में संगठनात्मक चुनाव कराए जा रहे हैं। जिसके चलते प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, जिलाध्यक्ष, जिला महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष पदों के लिए चुनाव होंगे। 22 फरवरी से युवा कांग्रेस पोर्टल पर ऑनलाइन सदस्यता शुरू होगी। 22 फरवरी से 1 मार्च तक नामांकन भरे जाएंगे और 22 फरवरी से 2 मार्च तक सदस्यता शुल्क ऑनलाइन जमा होगा। 3 मार्च तक आपत्तियां दर्ज की जा सकेंगी। 6 से 10 मार्च तक नामांकन पत्रों की जांच होगी तथा 11 मार्च शाम 5 बजे अंतिम प्रत्याशी सूची जारी की जाएगी। चुनाव आयुक्त ने बताया कि मतदाता सूची अभियान एक माह चलेगा। आम मतदाता की सदस्यता शुल्क 75 रुपए तय की गई है। 11 मार्च के बाद करीब तीन माह तक प्रत्याशी अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार करेंगे। मतदान ऑनलाइन प्रक्रिया से होगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव खर्चीला हो सकता है, क्योंकि जीत के लिए लाखों मतदाताओं की सदस्यता आवश्यक होगी। वहीं चुनाव में छह जिले- धौलपुर, डीडवाना, जयपुर ग्रामीण पश्चिम, बारां, हनुमानगढ़ और डूंगरपुर-एससी-एसटी वर्ग के लिए आरक्षित किए गए हैं, जहां जिलाध्यक्ष इसी वर्ग से चुने जाएंगे। उल्लेखनीय है कि हाल ही में युवा कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी और जिला अध्यक्षों को भंग कर दिया गया था। नई नियुक्तियों की प्रक्रिया चल रही थी, लेकिन चुनाव की घोषणा के बाद अब संगठनात्मक चुनाव के जरिए ही नए पदाधिकारी चुने जाएंगे।

# सुजानगढ़ के लिए हुई विकास कार्यों की घोषणा

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** पिछले दिनों विधानसभा में प्रस्तुत बजट में सुजानगढ़ विधान सभा क्षेत्र की उपेक्षा से हुई आलोचना का जवाब देते हुए वित्त मंत्री महोदय दिया कुमारी ने सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कुछ विकास कार्यों की घोषणा की है। विधायक मनोज मेघवाल ने बताया कि ग्राम रूपेली में पानी की टंकी का निर्माण कार्य, ग्राम घंटियाल बड़ी में पानी की टंकी का निर्माण कार्य, ग्राम डूंगर बालाजी में चिकित्सा उप केंद्र, सडू छात्रावास की सीट संख्या वृद्धि की गई है। विधायक ने बताया कि आलोचना के बाद ठण्डे छींटे देने की कोशिश वित मंत्री दिया कुमारी द्वारा की गई है।

# अवैध रिफिलिंग का भंडाफोड़ : 102 सिलेंडर, वाहन व उपकरण जब्त



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग, अवैध रिफिलिंग व कालाबाजारी के खिलाफ विशेष अभियान में जिला रसद विभाग ने चार टीमों के जरिए शहर के विभिन्न इलाकों में कार्रवाई कर 102 सिलेंडर सहित वाहन व उपकरण जब्त किए। जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण के अनुसार, गठित जांच दलों ने जगतपुरा, मानसरोवर, चांदपोल और गिरधारीपुरा क्षेत्रों में दबिश दी। कार्रवाई में 102 घरेलू/व्यावसायिक व अप्रमाणित सिलेंडर, एक पिकअप, दो मोटरसाइकिल, दो रिफिलिंग मोटर रबर पाइप व नोजल सहित, दो इलेक्ट्रॉनिक कांटे, एक रेगुलेटर, पांच भट्टियां, एक मोबाइल और एक फोन.पे स्कैनर जब्त किए गए। जगतपुरा में अवैध भंडारण व रिफिलिंग पकड़ी गई, मानसरोवर में 12 सिलेंडर व 90 प्लास्टिक कैप जब्त किए गए। चांदपोल में सात प्रतिष्ठानों पर घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग मिला, जबकि गिरधारीपुरा में 57 घरेलू व चार व्यावसायिक सिलेंडर पिकअप सहित जब्त किए गए। तीन व्यक्तियों तथा सैनिक गैस सर्विस, शाहपुरा की प्रथम दृष्टया संलिप्तता सामने आई है। संबंधित थानों में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अधिकारी ने चेतावनी दी कि घरेलू सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग गंभीर अपराध है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# यंग्स क्लब द्वारा संसाधन संपूर्ति व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा बुधवार को राजकीय झंवर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में संसाधन संपूर्ति व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि रेंवतमल, रतनलाल भूतोडिया की पुण्य स्मृति में कमलादेवी, चंद्रकला देवी व विनय भूतोडिया के सौजन्य व क्लब अध्यक्ष निर्मल कुमार भूतोड़िया की प्रेरणा से आयोजित हुए कार्यक्रम में झंवर स्कूल की सहायतार्थ अलमारी, किड्स चेयर्स, कक्षा 1 से 5 की सभी छात्राओं को वाटर बोतल, टिफिन उपलब्ध करवाए गए। इसी प्रकार सत्र 2024-25 में कक्षा 8,10 व 12 में प्रथम, द्वितीय, स्थान प्राप्त करने वाली शाला की छात्राओं निर्मला जांगिड़, हेमलता पुरोहित, पायल सोनी, प्रीति शर्मा, दिव्या प्रजापत, लक्षिका जांगिड़ सहित कक्षा 6 की छात्रा देविका जांगिड़ को चित्रकला क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। भामाशाह कमला सिंघी की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीबीईओ मंजू पंवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी अनुशासन व मनोयोग से शिक्षा ग्रहण कर समाज व राष्ट्र का नाम रोशन करें। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद रेखाराम गोदारा ने भी विद्यार्थियों को प्रेरणास्पद संदेश दिया। तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष राजकुमारी भूतोडिया ने रेंवतमल, रतनलाल भूतोडिया का परिचय प्रस्तुत करते हुए उनके द्वारा किए गए समाज सेवा क्षेत्र में योगदान को रेखांकित किया। बतौर विशिष्ट अतिथि भामाशाह विनोद गोठड़िया, विमल पाटनी, कौशल्या गुलेरिया, क्लब के पूर्व अध्यक्ष दानमल शर्मा व भूतोडिया परिवार के प्रतिनिधि के रूप में प्रदीप, अमरचंद, विनय भूतोडिया, राजकुमारी, बबीता, जागृति, हेमंत भूतोडिया मंचस्थ थे। प्रधानाचार्या कुसुम शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सहयोग के लिए यंग्स क्लब का आभार व्यक्त किया। धन्यवाद ज्ञापन जागृति भूतोडिया ने किया। संचालन शिक्षक बोदूराम शास्त्री ने किया। अतिथियों का माल्यार्पण द्वारा स्वागत हाजी मोहम्मद, कुणाल सोनी, योगेंद्र भोजक, स्वनंदा म्हैन, हरिप्रसाद टेलर, रामलाल गुलेरिया, सीताराम मीणा, आसुराम, कंचन स्वामी, ओमप्रकाश, राजकंवर मीणा, अंकिता शर्मा ने किया।

# त्रिदिवसीय अनुष्ठान के अंतिम दिन आचार्य श्री ने दी अच्छे श्रोता बनने की प्रेरणा

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** जैन विश्व भारती परिसर में बने सुधर्मा सभा में तेरापंथ धर्मसंघ के वर्तमान अधिशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण की पावन सन्निधि में योगक्षेम वर्ष के संदर्भ में त्रिदिवसीय अनुष्ठान का बुधवार को अंतिम दिवस था। आचार्य महाश्रमण ने आध्यात्मिक अनुष्ठान के अंतर्गत विभिन्न मंत्रों का जप कराया। मुनि कुमार श्रमण ने प्रेक्षाध्यान के समय आदि की जानकारी प्रदान की। मुनि योगेशकुमार ने तत्त्वज्ञान के क्लास के विषय में जानकारी दी। साध्वी कनक श्री ने जैन तत्त्व दर्शन के साध्वी व समणियों के प्रशिक्षण के संदर्भ में जानकारी दी। आचार्य महाश्रमण ने पावन प्रतिबोध प्रदान करते हुए कहा कि योगक्षेम वर्ष का पृष्ठभूमि रूप त्रिदिवसीय अनुष्ठान का उपक्रम चल रहा है। सुनना भी एक अच्छा कार्य है। प्रशिक्षण देने वाले क्लास लेते हैं, उनकी बात सुनो, प्रवचन सुनो और कोई भी प्रेरणा की बात सुनी जा सकती है। इस प्रकार श्रुति भी योगक्षेम वर्ष का मानों विशेष कार्य है। हमारे पूर्वाचार्यों की वाणियों से प्रेरणा ली जा सकती है। बोलने से पहले शांति से सुनने का प्रयास करना चाहिए। कान दो हैं और मुख एक है। इसलिए आदमी को सुनना ज्यादा और कम से कम बोलने का प्रयास होना चाहिए। सुनकर आदमी पाप को भी जान लेता है और कल्याण को भी जान लेता है। किसी दु:खी आदमी के दु:ख को भी धैर्य से सुन लिया जाए।

यदि कोई उसका समाधान दे पाऐं अथवा नहींए उसके तकलीफों को सुन भी लें तो उसे कुछ शांति की प्राप्ति हो सकती है।

# सहकारिता विभाग के संयुक्त रजिस्ट्रार की पदोन्नति पर किया सम्मान

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** सहकारिता विभाग के अंतर्गत डीडवाना-कुचामन जिले के सहकारी संस्थाओं के असिस्टेंट रजिस्ट्रार एवं संस्थाओं के रजिस्ट्रार पीथदान चारण की संयुक्त रजिस्ट्रार पद पर पदोन्नति होने पर आर्य समाज लाडनूं द्वारा उन्हें बधाई देने के साथ ही उनका सम्मान करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की गई। डॉ. जगदीश यायावर व मुनि ओमदास ने उन्हें साफा पहनाया, डॉ. राजेन्द्र सिंह आर्य ने उन्हें शॉल ओढाया तथा महावीर स्वामी एवं मेघाराम स्वामी ने आर्य साहित्य भेंट कर उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर संयुक्त रजिस्ट्रार पीथदान चारण ने कहा कि वे राजस्थान प्रशासनिक सेवाओं में लगातार 28 सालों तक निर्बाध सेवाएं प्रदान कर चुके और हमेशा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए काम किया है। उन्होंने कहा कि सभी संस्थाओं का भी दायित्व होता है कि वे किसी भी तरह के लाभ के बिना सार्वजनिक हितों के लिए सेवाए शिक्षा और सहयोग के कार्यों में जुटे रहें।

# फुलेरा दूज आज : अबूझ मुहूर्त में होंगे विवाह व मांगलिक कार्य

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया गुरुवार को फुलेरा दूज के रूप में मनाई जाएगी। यह दिन होली पर्व के आगमन का प्रतीक माना जाता है और इसी दिन से होली की तैयारियां प्रारंभ हो जाती हैं। उत्तर भारत के कई क्षेत्रों में इस दिन होली स्थल पर प्रतीकात्मक रूप से लकड़ी या उपले रखे जाते हैं तथा गोबर की गुलरियां बनाने की परंपरा भी शुरू होती है। ज्योतिषाचार्य पं. पुरुषोत्तम गौड़ ने बताया कि फाल्गुन शुक्ल द्वितीया तिथि 18 फरवरी को दोपहर 4:57 बजे आरंभ हो गई जो 19 फरवरी को शाम 3:58 बजे समाप्त होगी। सनातन परंपरा में उदया तिथि को विशेष महत्व दिया जाता है, इसलिए 19 फरवरी को फुलेरा दूज का पर्व मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि फुलेरा दूज को अबूझ मुहूर्त माना जाता है। इस दिन विवाह, गृह प्रवेश, संपत्ति क्रय, व्यवसाय आरंभ जैसे सभी मांगलिक कार्य होंगे। गुरुवार को बड़ी संख्या में विवाह होंगे। सर्दियों में शादियों के मौसम का यह अंतिम प्रमुख शुभ दिन है। यह तिथि दांपत्य जीवन के लिए विशेष रूप से शुभ मानी जाती है। इस दिन विवाह करने वाले दंपतियों को सुख-समृद्धि और प्रेमपूर्ण वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**मंदिरों में होगी फुलों से सजावट:** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार फुलेरा दूज का संबंध भगवान श्रीकृष्ण और राधा के दिव्य प्रेम से जुड़ा है। इस दिन मंदिरों और घरों में फुलों से विशेष सजावट की जाती है तथा रंग-बिरंगे फुलों से होली खेलने की परंपरा निभाई जाती है। श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण को विशेष भोग अर्पित करते हैं, जिसमें पोहा सहित विभिन्न व्यंजन शामिल होते हैं, जिन्हें बाद में प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है।

# देवंदा का विश्वविद्यालय हैंडबॉल महिला टीम में चयन



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्रीमाधोपुर की छात्रा सुमित देवंदा का विश्वविद्यालय हैंडबॉल महिला टीम में चयन होने पर महाविद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यालय सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि एम.ए. उत्तरार्द्ध राजनीति विज्ञान की छात्रा सुमित देवंदा पुत्री महेश कुमार, निवासी चेतनदास वाली पलसाना का विश्वविद्यालय हैंडबॉल महिला टीम में चयन होने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ विरेन्द्र कुमार यादव, उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार, कोच रामसिंह जाट, ममता यादव द्वारा सुमित को माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर, प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।


खेल कोच रामसिंह जाट ने बताया कि सुमित नियमित अभ्यास, टीम भावना और खेल के प्रति समर्पण के कारण चयनित हुई हैं। उन्होंने बताया की 22-24 फरवरी से होने वाली विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी, राजकोट, गुजरात में आयोजित होगी। जिसमें सुमित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी, सीकर का प्रतिनिधित्व करेगी। सम्मान समारोह के इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने तालियां बजाकर सुमित का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि सुमित देवंदा ने कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है।

उनका चयन न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सुमित विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेगी। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी खेल गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय प्रभारी प्रमोद वर्मा, कला संकाय प्रभारी शिव प्रसाद यादव, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, श्याम सामोता, कार्यालय प्रभारी धर्मपाल बिजारणिया सहित समस्त स्टाफ मौजूद था।

# कंकाल की तरह हो गया है शरीर तो इन चीजों के साथ करें घी का सेवन

अगर आपका बॉडी मास इंडेक्स18 से कम है तो आपका वेट कम है। ऐसे में आपको अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। आज के समय में ज्यादातर लोग मोटापे से परेशान हैं। लेकिन कुछ लोगों का शरीर कम वजन का वजह से कंकाल की तरह दिखता है। किशोर उम्र में माता-पिता काफी परेशान रहते हैं। यदि किसी का शरीर कुपोषण की तरह दिखता है, तो शरीर में पौष्टिक तत्वों की प्राप्ति न होना हो सकना शामिल है। वेट बढ़ाने से पहले यह जरूर देखना चाहिए कि कहीं किसी बीमारी के कारण तो शरीर में मांस नहीं चढ़ रहा है। लेकिन किसी बीमारी के ना होने पर भी अगर आपका वेट नहीं बढ़ रहा है तो कुछ नियमों को फॉलो कर आप अपना वेट बढ़ा सकते हैं।







### ज्यादा कैलोरी

अगर आप भी तेजी से अपना वजन बढ़ाना चाहते हैं, तो आपको ज्यादा कैलोरी वाले फूड का सेवन करना चाहिए। आपको 400-500 कैलोरी ज्यादा लेनी होगी। तभी आपका वेट बढ़ेगा। लेकिन तेजी से वेट गेन करने के लिए आपको 700 से 1000 कैलोरी ज्यादा लेना होगा।

### प्रोटीनयुक्त भोजन

आपको वेट गेन के लिए प्रोटीन की ज्यादा मात्रा लेनी चाहिए। ज्यादा प्रोटीन लेने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि प्रोटीन युक्त फूड्स का सेवन ज्यादा करें। जितना आपका वजन है, उस हिसाब से आपको प्रति किलोग्राम पर 2 ग्राम से ज्यादा प्रोटीन लेना चाहिए। इसके लिए आप पनीर, दाल, फलीदार सब्जियां, बादाम, मटर, छोले, बींस, पंपकीन सीड्स, मीट, मछली, अंडा, सोया, तिल, चिया सीड्स, टोफू, काजू, हेजलनट्स, अखरोट आदि का सेवन कर सकते हैं। इनमें प्रोटीन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

### हेल्दी फैट और कार्बोहाइड्रैट

बता दें कि हेल्दी फैट और कार्बोहाइड्रैट से कोई नुकसान नहीं होता है। इसके लिए आप घी और गुड़ का भी ज्यादा सेवन करें। घी में मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड पाया जाता है, जो डाइट्री फैट होता है और यह आपके शरीर को भी नुकसान नहीं पहुंचाता है। इसके अलावा घी में कई अन्य पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करते हैं। दिल की सेहत के लिए भी घी काफी शानदार होता है। इसलिए घी का सेवन जरूर करना चाहिए। इसके लिए घी को ज्यादा तेज आंच पर ना पकाएं। क्योंकि घी को तेज आंच पर पकाने से यह ऑक्सीडाइज हो जाता है और शरीर को नुकसान पहुंचाता है। वहीं गुड़ में कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है। गुड़ भी हमारे शरीर के लिए फायदेमंद होता है। तेजी से वजन बढ़ाने के लिए गुड़ और घी का सेवन करने का प्लान है।

### बार-बार खाएं

तेजी से वजन बढ़ाने के लिए दिन में 5-6 बार भोजन करने की आदत डालें। सुबह के समय हैवी नाश्ता लेना चाहिए। फिर दोपहर और रात में हैवी खाना खाएं। शाम और दोपहर में हल्का ब्रेकफास्ट जरूर करें। जब भूख लगे तो खाना खाने का नियम बनाएं।

### खाने से पहले न पीएं पानी

अगर आप खाना खाने से पहले पानी पीते हैं, तो इससे भूख मिट जाएगा। फिर आप भरपेट खाना नहीं खा पाएंगे। इसलिए खाना खाने से पहले पानी नहीं पीना चाहिए।

### वेट गेनर शेक

तेजी से वजन बढ़ाने के लिए दिन में एक बार वेट गेनर शेक का सेवन जरूर करें। प्रोटीन, कार्बोहाइड्रैट और कैलोरी की मात्रा ज्यादा वाले वेट गेन शेकर का सेवन करें। इसके अलावा केला, दूध, चेरी, बादाम और अखरोट मिलाकर शेक तैयार कर सकते हैं।

### रोजाना करें एक्सरसाइज

जिस तरह से वजन घटाने के लिए एक्सरसाइज जरूरी है, उसी तरह से वजन बढ़ाने के लिए भी अपनी डेली रूटीन में एक्सरसाइज को शामिल करना चाहिए। क्योंकि एक्सरसाइज ना करने से मेटाबॉलिज्म सही से काम कर करेगा और खाना जल्दी हजम नहीं होगा।

# कम पानी पीने से शरीर में बढ़ने लगता है यूरिक एसिड



यूरिक एसिड खून में पाया जाने वाला एक अपशिष्ट पदार्थ होता है। यह शरीर में तब बनने लगता है, जब प्यूरीनयुक्त डाइट से शरीर में यूरिक एसिड अधिक बनने लगता है। ज्यादातर यूरिक एसिड ब्लड में घुल जाता है। फिर किडनी के जरिए यूरिन शरीर से बाहर निकल जाता है। बता दें कि जब शरीर में अधिक यूरिक एसिड रहता है, तो हाइपरयुरिसीमिया नामक स्थिति उत्पन्न हो सकता है। यह यूरिक एसिड के क्रिस्टल बनने की वजह भी बन सकता है। जो जोड़ों में जम सकता है और अर्थराइटिस का कारण बन जाता है। यूरिक एसिड से ना सिर्फ अर्थराइटिस बल्कि हार्ट डिजीज, डायबिटीज, किडनी की समस्या भी हो सकती है।

शरीर में बढ़ी हुई यूरिक एसिड को कम करने में पानी अहम भूमिका निभाता है। जो लोग पानी का कम सेवन करते हैं उनमें यूरिक एसिड का खतरा ज्यादा होता है और पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करने से इस समस्या के होने की आशंका कम होती है। बता दें कि जिन लोगों को पहले से ही अर्थराइटिस या फिर जोड़ों में दर्द की परेशानी होती है। उनमें यूरिक एसिड की समस्या होने पर अधिक दर्द होता है। हालांकि अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में बदलाव कर इस समस्या से बचा जा सकता है। सही लाइफस्टाइल का चुनाव कर इससे बचा जा सकता है।

### मौसमी चीजें अधिक खाएं

यूरिक एसिड की समस्या से बचने के लिए व्यक्ति को किन्नू, संतरा, गाजर, खीरा और हरे पत्तेदार सब्जियों का सेवन अधिक करना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। दही और दाल का सेवन कम करना चाहिए। इसके अलावा डेली रूटीन में एक्सरसाइज को शामिल करें। इससे यूरिक एसिड कंट्रोल में रहता है।

# जामुन और करेले पीने से शरीर को हो सकते हैं यह नुकसान

डायबिटीज समेत शरीर की कई गंभीर बीमारियों में डॉक्टर भी मरीजों को जामुन और करेले के जूस का सेवन करने की सलाह देते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर को कई फायदे भी मिलते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि करेला और जामुन का पोषक तत्वों से भरपूर जूस कुछ लोगों के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है। करेले में वैसे तो डाइटरी फाइबर से लेकर विटामिन बी कॉम्प्लेक्स,फोलेट, जिंक और मैंगनीज की पर्याप्त मात्रा पायी जाती है। वहीं जामुन में भी आयरन, मैग्नीशियम, कैल्शियम, सोडियम, फास्फोरस, विटामिन सी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। इन दोनों के जूस का एक साथ सेवन करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लेकिन किसी भी चीज का गलत ढंग से सेवन करना खतरनाक हो सकता है। करेला और जामुन में मौजूद गुण और पोषक तत्व शरीर को फायदे के साथ नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। जामुन और करेला जूस में कई ऐसे गुण होते हैं, जो तेजी से वजन कम करने में मदद करते हैं। ऐसे में इसका बहुत ज्यादा सेवन करने से आपका वजन तेजी से कम हो सकता है।



### लिवर के लिए नुकसानदायक

करेला और जामुन दोनों में ही कई तरह के एंजाइम पाए जाते हैं। करेले में मौजूद लैक्टिन नामक एंजाइम लिवर को नुकसान पहुंचा सकता है। लिवर में इसकी मात्रा बढ़ने से प्रोटीन का संचार रुक जाता है। इसकी वजह से लिवर को नुकसान पहुंचता है। अगर आप लिवर से जुड़ी किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, तो करेले और जामुन का जूस पीने से बचना चाहिए।

### लो ब्लड शुगर में खतरनाक

जिन लोगों का ब्लड शुगर कम रहता है, उनके लिए करेले और जामुन का जूस बहुत नुकसानदायक होता है। करेला और जामुन दोनों ही शरीर में ब्लड शुगर के स्तर को कम करने का काम करता है। इसका बहुत ज्यादा सेवन करने से भी नुकसान हो सकता है।

### पाचन तंत्र खराब होने का खतरा

बहुत ज्यादा मात्रा में करेला और जामुन का जूस पीने से आपका पाचन तंत्र खराब हो सकता है। करेला और जामुन दोनों में मौजूद गुणों के कारण आपको डायरिया और एसिडिटी जैसी समस्याओं का खतरा रहता है। करेले में तो टेट्रासाइक्लिन ट्राइटरपेनॉइड यौगिक पाया जाता है, जो पेट में पहुंचकर उल्टी और मतली को ट्रिगर कर सकता है।

### पीरियड्स के दौरान न पिएं

करेला और जामुन का जूस पीरियड्स के दौरान महिलाओं के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है। पीरियड्स में इसका सेवन करने से ब्लीडिंग का खतरा बढ़ जाता है। यही नहीं प्रेग्नेंसी के दौरान भी करेला और जामुन का जूस पीने से बचना चाहिए।

### स्पर्म काउंट कम होने का खतरा

बहुत ज्यादा करेला और जामुन का जूस पीने से स्पर्म काउंट कम होने का खतरा रहता है। इसलिए इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए।

# हार्टबर्न और हार्ट अटैक को अक्सर एक समझ लेते हैं लोग, इनके लक्षणों में अंतर



आज के समय में खानपान और लाइफस्टाइल से जुड़ी गड़बड़ी की वजह से लोगों में हार्ट अटैक की समस्या तेजी से बढ़ रही है। हार्ट अटैक के लक्षण इतने सामान्य होते हैं, कि अक्सर लोग इन्हें समझ नहीं पाते हैं। सीने में दर्द, जलन और भारीपन जैसे लक्षणों को हार्ट अटैक का लक्षण माना जाता है। लेकिन ये लक्षण कई अन्य समस्याओं में भी दिखाई देते हैं। इसकी वजह से अक्सर लोग कंफ्यूज हो जाते हैं। हार्टबर्न की समस्या में भी सीने में जलन, दर्द और भारीपन जैसी परेशानियां होती हैं। इसकी वजह से लोग हार्टबर्न को हार्ट अटैक हे समझ बैठते हैं।

### हार्टबर्न और हार्ट अटैक में क्या अंतर होता है?

सीने में जलन या हार्टबर्न और हार्ट अटैक के लक्षण लगभग एक जैसे होते हैं, यही कारण है कि लोग हार्ट अटैक आने पर भी इसे सीने में जलन और पेट से जुड़ी समस्या समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। इस परिस्थिति में इलाज न मिलने पर कुछ लोगों की जान भी चली जाती है। हार्ट अटैक और हार्टबर्न दोनों ही समस्याएं अलग-अलग कारणों से होती हैं। खानपान में गड़बड़ी, एसिडिटी और अपच आदि की वजह से सीने में जलन आम है, लेकिन हार्ट अटैक की समस्या हृदय को ब्लड सप्लाई अर्ने वाली धमनियों के ब्लाक होने पर आता है।

#### हार्टबर्न और हार्ट अटैक में कुछ मुख्य अंतर इस तरह से हैं

1. सीने में जलन या हार्टबर्न की समस्या में सीने के ऊपरी भाग या छाती के बीच में दर्द और जलन होती है। वहीं हार्ट अटैक आने पर छाती के बीचोंबीच और बाईं तरफ तेज दर्द होता है।
2. हार्टबर्न की वजह से होने वाली परेशानियां फूड पाइप और सीने तक ही सीमित रहती हैं। वहीं हार्ट अटैक की वजह से होने वाला दर्द आसपास के अंगों में भी फैल सकता है।
3. आमतौर पर सीने में जलन कुछ देर के लिए रहती है और भोजन पचने के बाद ठीक हो जाती है। वहीं हार्ट अटैक की वजह से होने वाला दर्द काफी देर तक बना रहता है।
4. हार्ट अटैक आने पर होने वाला दर्द बहुत ज्यादा गहरा होता है और इसकी वजह से सांस लेने में दिक्कत और चक्कर आने की समस्या होती है। वहीं हार्टबर्न में दर्द के अलावा मुंह में एसिड का खट्टा स्वाद और डकार आने की समस्या होती है।
5. हार्टबर्न होने पर सीने में जलन के साथ भारीपन भी रहता है, लेकिन हार्ट अटैक आने पर बहुत तेज दर्द के साथ हार्ट को निचोड़ने वाला दर्द होता है।

### हार्टबर्न क्या होता है?

हार्टबर्न की समस्या में गैस्ट्रोओसोफेगल रिफ्लक्स रोग (जीईआरडी) की वजह से होती है। पेट में अपच होने पर एसिड फैलने की वजह से यह एसिड फूड पाइप में भी आया जाता है। इसकी वजह से आपको सीने में जलन और दर्द जैसी परेशानियां होती हैं। हार्टबर्न होने पर आपके सीने में जलन और गले में खट्टापन जैसा स्वाद महसूस होता है। सीने में जलन या हार्टबर्न कोई गंभीर स्थिति नहीं है, लेकिन लगातार होने पर आपको डॉक्टर से संपर्क जरूर करना चाहिए।

#### हार्ट अटैक क्या है?

हार्ट अटैक को मायोकार्डियल इन्फार्कशन भी कहा जाता है। धमनियों में ब्लॉकेज और हार्ट से जुड़ी परेशानियों के कारण आपको यह समस्या हो सकती है। जब दिल के मांसपेशियों में ठीक ढंग से ऑक्सीजन और ब्लड की आपूर्ति नहीं हो पाती है, तब हार्ट अटैक आता है। इसकी वजह से हार्ट की मांसपेशियों को गंभीर नुकसान पहुंचता है और शरीर के अन्य अंगों तक ब्लड सप्लाई प्रभावित होती है। इससे इंसान की जान चली जाती है।

# फैटी लिवर के मरीजों के लिए फायदेमंद होते हैं यह वेजिटेबल जूस, परेशानी में मिलेता है आराम

लिवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग हैं। यह हमारे शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर करने का काम करता है। इसके साथ ही लिवर आहार को पचाने के लिए आवश्यक बाइल जूस बनाने में भी मुख्य भूमिका निभाता है।

लेकिन, हमारे खानपान की गलत आदतों के कारण आज के समय में फैटी लिवर की समस्या एक आम परेशानी बनती जा रही है। इस रोग में लिवर में फैट बढ़ने लगता है, जिसकी वजह से पाचन क्रिया प्रभावित होती है। साथ ही, लिवर शरीर के टॉक्सिन (विषैले पदार्थ) को सही तरह से बाहर नहीं कर पाता है। जिससे शरीर के कुछ अंगों में सूजन की समस्या भी हो सकती है।



### चुकंदर का जूस

चुकंदर का जूस आपके लीवर को डिटॉक्स करने और उसके कार्य को बेहतर करने में मददगार होता है। इसमें मौजूद विटामिन और मिनरल्स रक्त को साफ करते हैं। साथ ही, किडनी और लिवर पर पड़ने वाले दबाव को दूर करने के में सहायक होते हैं। इसके नियमित सेवन से फैटी लिवर की समस्या कम होती है।

### लौकी का जूस

लौकी का जूस किडनी के डिटॉक्स करने की क्षमता को बेहतर करती है। लौकी के जूस में एंटीऑक्सीडेंट्स गुण पाए जाते हैं। जिससे आपको लिवर की सूजन में आराम मिलता है। साथ ही, लौकी का जूस फ्री रेडिकल्स के प्रभावों को दूर करने में सहायक होता है।

### जलकुंभी का जूस

जलकुंभी एक पत्तेदार हरी सब्जी है, जिसका उपयोग अक्सर सलाद में किया जाता है। इसका स्वाद हल्का तीखा होता है, लेकिन इसमें कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी और कैल्शियम, आयरन की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है, जो शरीर को डिटॉक्स करने लिवर की मदद करते हैं। इससे फैटी लिवर की समस्या में आराम मिलता है।

### गाजर का जूस

गाजर में बीटा-कैरोटीन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। बिटा-कैरोटीन आपके शरीर में विटामिन ए में परिवर्तित हो जाता है। विटामिन ए लिवर की हेल्थ को बेहतर करता है। साथ ही, फैटी लिवर की समस्या को कम करने में सहायक हो सकता है। गाजर का जूस शरीर के विषैले तत्वों को बाहर करता है। साथ ही, लिवर को डैमेज होने से बचाता है।

### पालक का जूस

पालक के जूस से आप लिवर की कार्यप्रणाली को बेहतर कर सकते हैं। पालक में ग्लूटाथियोन नामक एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो आपके लिवर के दबाव को कम करने में सहायक होता है।

# सरसों का उबटन लगाने से त्वचा को मिलते हैं कई फायदे

आपने अक्सर देखा होगा कि बहुत से लोग भोजन पकाते समय तड़के लिए सरसों के बीज का प्रयोग काफी करते हैं। यह भोजन को एक बेहतरीन सुगंध और स्वाद प्रदान करते हैं। इसके अलावा, भोजन के स्वास्थ्य लाभों को भी कई गुणा बढ़ा देते हैं। इन बीजों को पीसकर सरसों का तेल भी निकाला जाता है, जिसका प्रयोग हम अपने दैनिक जीवन में कई तरह से करते हैं। आप भले ही किसी भी रूप में सरसों के बीज का प्रयोग क्यों न करें, यह हर रूप में आपके लिए लाभकारी होते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, बहुत से लोग त्वचा को स्वस्थ रखने और एक साफ-दमकती त्वचा पाने के लिए भी सरसों का प्रयोग करते हैं। आप त्वची की डेड स्किन साफ करने के लिए सरसों का उबटन बनाकर भी लगा सकते हैं। बेसन और हल्दी के उबटन की तरह, सरसों का उबटन लगाने से भी त्वचा को कई लाभ मिलते हैं।



**डेड स्किन का करे सफाया :** यह त्वचा के लिए एक प्राकृतिक एक्सफोलिएटर साबित हो सकता है। यह त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाने और बेजान त्वचा को ठीक करने में मदद कर सकता है।

**एलर्जी से करे बचाव :** सरसों में शक्तिशाली स्किन इंफेक्शन को रखे दूर एंटी-फंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। जिससे यह हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट करने में बहुत प्रभावी हैं। यह त्वची की कई आम समस्याओं जैसे कील-मुंहासे, ब्लैकहेड्स, त्वचा में एलर्जी और खुजली आदि की समस्या को दूर करने में मदद करते हैं।

**बुढ़ापे के लक्षणों को करे कम :** सरसों का उबटन लगाने से आपको लंबे समय तक जवां रहने में मदद मिल सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें एंटी-एजिंग गुण होते हैं। यह झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम करने के साथ ही दाग-धब्बे साफ करने में भी मदद करता है।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 357 मरीज लाभान्वित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर रोड, सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दिल्ली के प्रोफेसर डा. शिव प्रसाद खेदड़ की प्रेरणा से कोलसिया ग्राम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कोलसिया, भोड़कीए गुढ़ा आदि समीपवर्ती क्षेत्रों के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, जनरल सर्जन, ईएनटी सर्जन, पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट, यूरोलॉजिस्ट, डर्मेटोलॉजिस्ट तथा डेंटल सर्जन की बड़ी विशेषज्ञ टीम द्वारा 357 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में सरपंच प्रतिनिधि महेश पारीक, डॉ. शिव प्रसाद खेदड़, डॉ. शिशुपाल सिंह खेदड़, डॉ. सुभाष दूत, शीशपाल दूत, डॉ. संदीप जाखड़, झाबर दूतए गोवर्धन खेदड़, रामेश्वर खेदड़, सुभाष खेदड़, श्रीचंद नेहरा, देशराज नेहरा, सूबेदार महावीर, सूबेदार मामचंद, मुकेश कालेर, कमल कालेर, विद्याधर ढ़ाका, रामप्रताप कुमावत, ब्रह्मचंद सहित अनेक गणमान्यजन शरीक हुए।




# बैठक 21 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर सीकर मुकुल शर्मा ने बताया कि निर्वाचन विभाग जयपुर के निर्देशानुसार विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी से संशोधित कर 21 फरवरी को किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशन से संबंधित आवश्यक तैयारियों एवं व्यवस्थाओं पर चर्चा करने के लिए 21 फरवरी को सुबह 11 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में बैठक आयोजित की जाएगी।

# भागवत कथा आज से

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में मेहंदीपुर बालाजी मंदिर आथुना बास में सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ 19 फरवरी को मंगल कलश यात्रा के साथ किया जाएगा। मंदिर के पुजारी राजूराम ने बताया कि 19 फरवरी को सुबह सवा 8 बजे कलश यात्रा दादोजी मंदिर से रवाना होगी जो मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुँचेगी। कथा का वाचन दंडी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज के द्वारा किया जाएगा। कथा का समय दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक रहेगा। पूर्णाहुति 26 को सुबह सवा 9 बजे तथा भंडारा सवा 12 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है।

# टेलीफोन अदालत बीस को

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** खेतड़ी नगर के दूरभाष केंद्र टेलीफन एक्सचेंज कार्यालय में बीस फरवरी सुबह ग्यारह बजे दूरसंचार उपभोक्ताओं की शिकायतों को दूर करने के लिए टेलीफोन अदालत का आयोजन होगा। प्रस्ताव है। इस अदालत में खेतड़ी नगर कस्बे के टेलीफोन उपभोक्ताओं की टेलीफोन सेवाओं से संबंधित प्रकरणों और विवादों पर विचार किया जायेगा। पुराने लम्बित मामलो के संदर्भ में विभाग से किए गए पत्राचार, निर्णयो की प्रति सहित पूर्ण विवरण के साथ आवेदन करें। सहायक महाप्रबंधक प्रशासन ने बताया कि टेलीफोन अदालत में प्राप्त शिकायतों पर उपभोक्ता की समस्याओं का यथोचित समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। शिकायतकर्ता को टेलीफोन अदालत के दिन स्वयं को उपस्थित होना होगा। किसी न्यायालय, उपभोक्ता परिषद में विचाराधीन मामले जिसमें अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ, उन पर विचार नहीं किया जायेगा। टेलीफोन बिल ध्ब्रॉडबैंड बिल से संबंधित वही मामले विचारणीय होंगे, जिनकी बिल तारीख 20 जनवरी 2026 से पहले की हो।

# कृपा श्याम की का भव्य आयोजन 22 को

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** आगामी 22 फरवरी को तारानगर के श्याम प्रेमी परिवार के सौजन्य से विनायक रिसोर्ट, दिल्ली सरदारशहर रोड खेतरपाल मंदिर के पास, तारानगर में पिछले वर्ष की भांति बाबा श्याम का भव्य कार्यक्रम कृपा श्याम की का आयोजन किया जायेगा। श्याम प्रेमी प्रदीप सरावगी और रेणु सरावगी ने बताया की इस भव्य कार्यक्रम में भजनों की प्रस्तुतियां देने के लिए तुषार चौधरी कोलकाता, सोमेश जैन जयपुर, महेश पारीक मुंबई, शिवम जैन कानपुर, संगीत हनुमान म्यूजिकल ग्रुप मुंबई, श्याम श्रृंगार शंकर सैन जयपुर आएंगे। कार्यक्रम शाम 7 बजे शुरू होकर रात को प्रभु इच्छा तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में बाबा का अलौकिक श्रृंगार, भव्य दरबार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, अखण्ड ज्योत तथा रात को सामूहिक महाप्रसाद की भी व्यवस्था है। इससे पहले दिन 21 फरवरी को जब बाबा का शीश तारानगर पहुंचेगा तो तारानगर पुलिस स्टेशन के सामने सभी श्याम प्रेमी बाबा का स्वागत करके, नाचते-गाते ढोल नगाड़ो के साथ बाबा को लेकर आयेंगे। यह कार्यक्रम कोई व्यक्तिगत नहीं है। इसको करवाने वाला बाबा श्याम, करने वाला बाबा श्याम है। अत: सभी श्याम प्रेमियों से आग्रह है की इस भव्य कार्यक्रम कृपा श्याम की में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारें।

# जेल से छूटते ही फिर शुरू की बाइक चोरी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** खोराबीसल थाना पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इलाके में सक्रिय एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद की हैं। आरोपी इतना बेखौफ है कि महज एक महीने पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था और बाहर आते ही फिर से वारदातों को अंजाम देने लगा। पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि खोराबीसल और आसपास के इलाकों में बढ़ रही वाहन चोरी की वारदातों को देखते हुए थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम को सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी की दो बाइकों को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में घूम रहा है। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी आलोक चौधरी 33 निवासी भरतपुर हाल झोटवाड़ा जयपुर को दबोच लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने दोनों बाइक चोरी की होना स्वीकार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी आलोक चौधरी नशे का आदी है। अपने नशे की जरूरत को पूरा करने के लिए वह भीड़भाड़ वाले इलाकों से मोटरसाइकिल, गैस सिलेंडर और अन्य सामान चोरी करता था और उन्हें बेहद सस्ते दामों में बेच देता था। वहीं जांच में सामने आया कि आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड काफी लंबा है और नवंबर 2025 में उसे गैस सिलेंडर चोरी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। आरोपी के खिलाफ जयपुर के खोराबीसल, बगरू, झोटवाड़ा और करधनी थानों में करीब आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

जनवरी 2026 में ही वह जेल से रिहा हुआ था। लेकिन सुधरने के बजाय उसने फिर से अपराध की राह पकड़ ली। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल रामेश्वर लाल, कांस्टेबल राकेश कुमार, रामसिंह और शीशराम की विशेष भूमिका रही। पुलिस अब आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि उसने ये बाइक कहां से चुराई थीं और इस गिरोह में उसके साथ और कौन.कौन शामिल हैं।

# प्रैट बाई कोट्यूर इण्डिया मुंबई में : जयपुर से 23 ज्वैलर्स शो में ले रहे है भाग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय रत्न और आभूषण बंधुओं को अपनी तरह के अनूठे शो में नवीनतम आभूषण डिजाइन देखने का मौका मिलेगा। क्योंकि भारत का अद्वितीय ज्वैलरी शो प्रैट बाई कोट्यूर इंडिया शो का चतुर्थीय संस्करण 19 फरवरी को मुंबई के ग्रैंड हयात-बांद्रा, में शुरू होगा। यह शो तीन दिवसीय 19 फरवरी से 21 पुरवरी 2026 तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें 60 स्टाल्स हैं। शो के आयोजक जैम एण्ड ज्वैलरी इन्फोरमेशन सेन्टर के आलोक काला ने बताया कि प्रैट बाई कोट्यूर इंडिया एक विशेष रूप से क्यूरेटेड बिजनेस बुटीक शो है जो अभिजात वर्ग समुदाय के लिए आभूषण निर्माताओं, डिजाइनरों और खुदरा विक्रेताओं को एक जगह मिलाता है। इंडियन ज्वैलर आईजे पत्रिका द्वारा शुरू की गईए कोट्यूर इंडिया बिजनेस बुटिक शो लक्जरी ज्वैलरी के अनुभव को बढ़ाने के लिए उपयुक्त है।

शो का स्थान-मुबंई-लक्जरी आभूषण बिरादरी के लिए आसानी से सुलभ हैं। शो का उद्घाटन जैम एण्ड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कॉसिंल के चेयरमैन कीरीत भंसाली करेंगे। जयपुर से इस शो में भाग लेने वाले 23 मुख्य ज्वैलर्स जयपुर रत्ना, अचल ज्वैल्स, कालाजी ज्वैलरी, नाइन ज्वैलरी, पी.सी. तोतुका एण्ड सन्स, रामभजो, रानीवाला ज्वैलर्स, गीता श्याम ज्वॅलर्स, वैलनटाईन जड़ाऊ, गुरू कृपा डिजाइन स्टूडियो, व्हाइट लोट्स ज्वॅलरी, चौरड़िया ज्वॅल्स, माँ सती ज्वॅल्स प्रा. लि. और ज्वॅल्स बाई सेफोरा है। इस शो में कुछ प्रतिभागी मुम्बई, सूरत, बेंगलोर, अहमदाबाद व राजकोट से भी हैं।

# 23 को सजेगी श्री श्याम निशान पदयात्रा

निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** श्रीश्याम युवा मित्र मण्डल के तत्वावधान में इस वर्ष 17वीं निशान पदयात्रा और फाल्गुन महोत्सव का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाएगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अंकित सैनी और मंदिर पुजारी अभिषेक सैनी ने कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि महोत्सव का आगाज 21 फरवरी को होगा। इस दिन प्रात: 10:15 बजे विधि-विधान के साथ निशान पूजन किया जाएगा। इसी श्रृंखला में 21 फरवरी की रात्रि 8:15 बजे से एक विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें सुजीत बैदी नारनौल, सुनील बैदी, कुशल सिंह खेतड़ी, गणेश शर्मा चिड़ावा, योगेश शर्मा सूरजगढ़ और विनोद लक्खा चिड़ावा आदि भजन गायक अपनी प्रस्तुतियों से बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 23 फरवरी को निकलने वाली निशान पदयात्रा होगी, जो चिड़ावा के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरेगी। पदयात्रा का मुख्य केंद्र अड़ूकिया स्कूल के सामने वाली गली रहेगा।

# कई राज्यों में वांटेड 25 हजारी इनामी बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मालवीय नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम डीएसटी ने एक संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय इनामी बदमाश विक्रम कादियान उर्फ बिक्की को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था और उसके खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में लूटए हत्या और चोरी के 85 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि आरोपी शातिर प्रवृत्ति का अपराधी है। उसने हाल ही में मालवीय नगर इलाके से एक आई-20 कार चोरी की थी। वारदात के बाद बदमाश ने उसी चोरी की कार का इस्तेमाल कर शिप्रा पथ इलाके में एक महिला के गले से सोने की चैन लूटने की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई कार बरामद कर ली है। वारदात के बाद अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल और एसीपी विनोद शर्मा के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने शहर के सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और तकनीकी विश्लेषण की मदद ली। आखिरकार पुलिस की घेराबंदी के आगे बदमाश पस्त हो गया और उसे दिल्ली के नजफगढ़ इलाके से दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपी विक्रम कादियान उर्फ बिक्की 40 मूल रूप से झज्जर, हरियाणा का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफदिल्ली, हरियाणा और राजस्थान सहित कई राज्यों में संगीन अपराधों के मुकदमे दर्ज हैं। जो करीब आधा दर्जन से ज्यादा मामलों में लंबे समय से वांछित चल रहा था।

पुलिस अब उससे गहन पूछताछ कर रही है ताकि जयपुर में उसके नेटवर्क और अन्य वारदातों का खुलासा हो सके। इस बड़ी सफलता में थानाधिकारी वीरेन्द्र सिंह, डीएसटी प्रभारी सुखबीर सिंह, उपनिरीक्षक विजय पाल और बन्नालाल सहित हेड कांस्टेबल गौरव सोलंकी की तकनीकी भूमिका सराहनीय रही। पुलिस कमिश्नरेट इस टीम को पुरस्कृत करने की तैयारी कर रहा है।

# गुलाबी नगरी में बैंकॉक वाला नशा : अस्सी लाख की हाइड्रोफोनिक वीड के साथ तीन ड्रग पेडलर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर में पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम सीएसटी ने ड्रग्स माफिआओं के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत थाईलैंड बैंकॉक से तस्करी कर लाए गए हाई-क्वालिटी हाईड्रोफोनिक वीड ऑर्गेनिक विदेशी गांजा की बड़ी खेप पकड़ी है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस 910 ग्राम गांजे की कीमत करीब 80 लाख रुपये आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में एक लग्जरी कार सहित तीन हाई-प्रोफाइल तस्करों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी टीम ने सांगानेर और प्रताप नगर थाना इलाके में दबिश दी। जहां सीएसटी टीम ने हाई.क्वालिटी हाईड्रोफोनिक वीड ओर्गेनिक विदेशी गांजाद्ध बरामद किया है। विशेष पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन्स राहुल प्रकाश ने बताया कि सांगानेर थाना इलाके से आरोपी मौलिक निवासी वैशाली नगर और फोरमेन सैनी निवासी टोंक हाल जगतपुरा को दबोचा गया। इनके पास से 541 ग्राम विदेशी गांजा, 1.55 लाख रुपये कैश और एक लग्जरी कार बरामद हुई। वहीं प्रतापनगर थाना इलाके में स्थित कुम्भा मार्ग पर कार्रवाई करते हुए नितिन शर्मा निवासी बांदीकुई जिला दौसा हाल प्रतापनगर को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से 369 ग्राम हाइड्रोफोनिक वीड बरामद हुई। पूछताछ में सामने आया कि यह कोई साधारण गांजा नहीं, बल्कि थाईलैंड से तस्करी कर लाया गया ऑर्गेनिक नशा है, जिसे नशेड़ी अपनी कोड भाषा में ओजी कहते हैं। यह नशा बेहद महंगा है और शहर के रईसजादों व पार्टी सर्किट्स में सप्लाई किया जाना था। पुलिस उपायुक्त अपराध अभिजीत सिंह ने बताया कि आरोपी लग्जरी गाड़ियों का इस्तेमाल करते थे ताकि किसी को शक न हो। ये तस्कर सोशल मीडिया और गुप्त नेटवर्किंग के जरिए ग्राहकों से संपर्क करते थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बैंकॉक से यह नशा जयपुर तक किस रास्ते से पहुंचा और इस चेन में और कौन-कौन से बड़े नाम शामिल हैं। इस बड़ी सफलता में इंस्पेक्टर खलील अहमद, हेड कांस्टेबल लखन, प्रभाकर और कांस्टेबल सतीश व राजकुमार की अहम भूमिका रही।

# जुआ-सट्टे के अड्डों पर पुलिस का सर्जिकल स्ट्राइक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने जुआ और सट्टा माफियाओं के खिलाफ पुलिस ने दो अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ सुनियोजित दबिश देकर अवैध जुआ संचालन का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान पुलिस ने मौके से 10 आरोपियों को रंगे हाथों दबोचा और उनके कब्जे से 72 हजार 900 रुपये की जुआ राशि बरामद की है। पुलिस उपायुक्त उत्तर करन शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर ताश के पत्तों के जरिए जुआ खेलने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं।

पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल के निर्देशों पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस ने जाल बिछाया और आरोपियों को भागने का मौका दिए बिना चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस ने मौके से सुल्तान 42 निवासी रामगंज, असीम कुरैशी 42 निवासी आगरा हाल रामगंज, जीशान 29 निवासी पीलीभीत हाल भट्टा बस्ती, मुर्तजा 30 निवासी बरेली भट्टा बस्ती, अफजल 35 निवासी भट्टा बस्ती, अकील 39 निवासी रामगंज, रहीश भाई 58 निवासी भट्टा बस्ती, अशफाक मंसूरी 24 निवासी बरेली, अब्दुल वसीम 35 निवासी भट्टा बस्ती और मोहम्मद आरिफ 31 निवासी रामगंज को गिरफ्तार किया गया है। जो यहां किराये पर रहकर सट्टा चला रहे थे।

इस कार्रवाई के बाद से ही क्षेत्र के असामाजिक तत्वों और सटोरियों में हड़कंप मचा हुआ है। थानाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस की यह स्पेशल टीम अब इन आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि इनके गिरोह के तार और कहां-कहां जुड़े हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक शांति भंग करने वालों और अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ जारी रहेगा।

**OFFICE THE GRAM PANCHAYAT SANWARPURA TANWAR PS- AJITGARH (SIKAR)**

No. Eproc/2025-26/23 Date:-16 feb 2026

**E-Tender Notice No. 05/2025-26**

Bids for open tender of procurement Of Construction Material for Work in MGNREGA And Other Scheme in Gram Panchayat SANWARPURA TANWAR Panchayat Samiti AJITGARH (Sikar) are invited from Firms/Suppliers Registered Under the GST act 2017, UP TO 6:00 of 23-02-2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement Portal http://sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state and at Gram Panchayat SANWARPURA TANWAR Office in all working days.

UBN:- PAJ2526GLRC00153

**ADMINISTRATOR**
GRAM PANCHAYAT SANWARPURA TANWAR
PANCHAYAT SAMITI AJITGARH

**VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER**
GRAM PANCHAYAT SANWARPURA TANWAR
PANCHAYAT SAMITI AJITGARH

**कार्यालय ग्राम पंचायत भड़ौन्दा कलां, पं.स. झुंझुनू**

क्रमांक : 2025-26/72 दिनांक : 14/02/2026

**ई-निविदा सूचना 2025-26/भड़ौन्दा कलां**

ग्राम पंचायत भड़ौन्दा कलां में स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत कार्य को संपादित करने हेतु पंचायती राज अधिनियम 1996 के नियम 181(2) के अंतर्गत तथा राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राज्य सरकार/केंद्र सरकार के विभागों में पंजीकृत एवं अधिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से जी एस टी अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं प्राधिकृत फर्मों से ई दिनांक 20.02.2026 तक निविदाए आमंत्रित की जाती है निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यालय समय में ग्राम पंचायत भड़ौन्दा कलां के कार्यालय एवं http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

UBN NO-ZJU2526WSOB01261

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत भड़ौंदा कलां
पंचायत समिति झुंझुनू

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत भड़ौंदा कलां
पंचायत समिति झुंझुनू

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुमावास पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं**

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/38-39 दिनांक :- 17-02-2026

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत पंचायत कुमावास के निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मो/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतू ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| ई-निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|
| 3 | ZJU2526A0751 | ZJU2526WSOB01290 | |
| 4 | ZJU2526A0752 | ZJU2526WSOB01291 | 2026_PRD_539980_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कुमावास से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत कुमावास
पं.स. नवलगढ़, (झुन्झुनूं)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत कुमावास
पं.स. नवलगढ़, (झुन्झुनूं)

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुमावास पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं**

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/42-43 दिनांक :- 18-02-2026

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत कुमावास के आम चौक में पार्क विकसीत करने का कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मो/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतू ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 18-02-2026, प्रात: 10:00 बजे से 27-02-2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 27-02-2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 02-03-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 02-03-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई-निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|
| 5 | ZJU2526A0764 | ZJU2526WSOB01307 | 2026_PRD_539986_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कुमावास से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत कुमावास
पं.स. नवलगढ़, (झुन्झुनूं)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत कुमावास
पं.स. नवलगढ़, (झुन्झुनूं)

**कार्यालय ग्राम पंचायत कैरू पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं**

क्रमांक :- ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/167-168 दिनांक :- 16-02-2026

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत कैरू में ग्राम मिलों का बास में श्मशान भूमि की चार दिवारी निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मो/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतू ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 17-02-2026, प्रात: 10:00 बजे से 26-02-2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 26-02-2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 27-02-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 27-02-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई-निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|
| 3 | ZJU2526A0750 | ZJU2526WSOB01289 | 2026_PRD_539995_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कैरू से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत कैरू
पं.स. नवलगढ़, (झुन्झुनूं)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत कैरू
पं.स. नवलगढ़, (झुन्झुनूं)

## जवाहर कला केंद्र में लोक कलाओं का संगम कल से



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जवाहर कला केन्द्र एवं पर्यटन, कला संस्कृति विभाग राजस्थान सरकार की सहभागिता में राजस्थान के लोक रंगों का सबसे बड़ा उत्सव श्लोक कला संगम 2026: राजस्थान रै लोकरंग रो उजास जवाहर कला केन्द्र जयपुर के शिल्प ग्राम एवं कृष्णायन सभागार आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन 20 से 22 फरवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होगा। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे द्वारा पोस्टर विमोचन के साथ ही श्लोक कला संगम-2026 की तैयारियां तेज हो गई हैं। राजस्थान के ढूंढाड़, शेखावाटी एवं ब्रज क्षेत्र के राजस्थानी 400 लोक कलाकारों की प्रस्तुतियां एक साथ एक मंच पर देख सकेंगे। जिसमें बम रसिया, चकरी नृत्य, लांगुरिया, भपंग वादन, कठपुतली चंग धमाल, भवाई, तेरहताली, जयपुर का तमाशा आदि का जादू चलेगा। मेले के रूप में आयोजित इस भव्य आयोजन में राजस्थानी मांडने, रंगोली, कठपुतली, कच्ची घोड़ी, बहुरुपिया आदि लोक कलाकारी का भी दर्शक आनन्द उठा सकेंगे। इसमें प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक लोक संबंधित विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा दो सत्रों में बौद्धिक विमर्श संवाद कार्यक्रम श्लोक चौपाल भी आयोजित किया जाएगा। इसमें हस्तशिल्प और कला की भव्य प्रदर्शनी भी लगेंगी। तीनों दिवसों में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सरकार्यवाह डॉ. दत्तात्रेय होसबोले और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी रहेंगे। प्रो. डॉ मधु भट्ट तैलंग- अध्यक्ष, संस्कार भारती जयपुर प्रांत, बनवारी लाल चेजारा, महामंत्री, संस्कार भारती व महावीर भारती, सहमहामंत्री संस्कार भारती एवं प्रबन्ध प्रमुख, आयोजन ने बताया कि प्रतिदिन सांस्कृतिक महफिल सजेंगी जिसमें इन लोक कलाओं के गायन वादन एवं नृत्य विधाओं का दर्शक भरपूर लुत्फ उठा पायेंगे। राजस्थानी भोजन के भी आनन्द के साथ अपनी जड़ों और राजस्थान की लोक .परम्पराओं से जुड़ने का यह बेहतरीन अवसर होगा।

## दस हजार का इनामी डमी अभ्यर्थी एमबीबीएस छात्र गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान में पेपर लीक और डमी कैंडिडेट गैंग के खिलाफ स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप एसओजी ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में दबिश देकर दस हजार के इनामी डमी परीक्षार्थी प्रिन्स को गिरफ्तार किया है। पकडा गया आरोपी डॉक्टर बनने का सपना देख रहा एमबीबीएस फोर्थ ईयर का छात्र है। जो चंद रुपयों के लालच में सलाखों के पीछे पहुँच गया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के खतौली थाना क्षेत्र का निवासी आरोपी प्रिन्स सैनी 27 वर्तमान में कोलकाता के बारासात राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस चतुर्थ वर्ष का छात्र है। जांच में सामने आया कि प्रिन्स ने सांचौर निवासी मूल अभ्यर्थी मनोहर सिंह विश्नोई के स्थान पर डमी परीक्षार्थी बनकर विज्ञान विषय की परीक्षा दी थी। यह परीक्षा 24 दिसंबर 2022 को उदयपुर के सविना खेड़ा स्थित परीक्षा केंद्र पर आयोजित हुई थी। इस धोखाधड़ी के बदले प्रिन्स और मनोहर सिंह के बीच 2 लाख 50 हजार का सौदा तय हुआ था। आरोपित तक पहुँचने के लिए एसओजी ने अभिनव तकनीकी पहल का सहारा लिया। उपमहानिरीक्षक पुलिस श्री परिस देशमुख एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष सॉफ्टवेयर विकसित किया गया। जिसमें अभ्यर्थियों के फोटो और डेटाबेस का मिलान किया गया। उन्नत तकनीकी विश्लेषण और सटीक मुखबिर तंत्र की मदद से टीम ने कोलकाता में प्रिन्स की लोकेशन ट्रेस की और उसे धर दबोचा। इस सराहनीय कार्य में निरीक्षक प्रवीण सिंह और आरक्षी सीताराम की विशेष भूमिका रही। वरिष्ठ अध्यापक माध्यमिक शिक्षा द्वितीय श्रेणी प्रतियोगी परीक्षा-2022 में हुई इस धोखाधड़ी के मामले में एसओजी अब तक कुल 27 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। इनमें 12 मूल अभ्यर्थी, प्रिंस सहित 10 डमी परीक्षार्थी और 05 मध्यस्थ और सहयोगी अभियुक्त भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि 24 दिसंबर 2022 को आयोजित सामान्य ज्ञान एवं शैक्षिक मनोविज्ञान का प्रश्नपत्र लीक होने के कारण परीक्षा निरस्त कर दी गई थी, जिसे बाद में 29 जनवरी 2023 को दोबारा कराया गया। जांच के दौरान पता चला कि विज्ञान विषय में कुछ अभ्यर्थियों ने डमी परीक्षार्थियों के जरिए चयनित होने का प्रयास किया था। जिसके बाद एसओजी ने प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

## मेघवाल ने विधानसभा में उठाई पशुपालकों की समस्याएं

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** क्षेत्रीय विधायक मनोज मेघवाल ने विधानसभा में पशु चिकित्सा विभाग में डॉक्टरों सहित अधिकांश रिक्त पदों के संबंध में सदन में मामला उठाया और पदों को भरे जाने की मांग की। विधायक मनोज मेघवाल ने डॉक्टरों को व पशुधन सहायकों को अपने चिकित्सा कार्य के अलावा अन्य कार्य करने से वास्तविक चिकित्सीय कार्य में हो रही व्यवधान के प्रति सरकार को अवगत करावाया कि किस तरह से पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और बीमार पशुओं को समय पर ईलाज नहीं मिल पाता है। इसके अतिरिक्त सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के रिक्त पदों को भरने, पशु चिकित्सालयों को क्रमोन्नत करने एवं पॉलीक्लिनिक खोलने की मांग भी विधायक ने रखी।

# फ्रंटलाइन वर्कर्स का सम्मान, सीएसआर पहल से ग्रामीण स्वास्थ्य को मिली नई ताकत

निसं



**चित्तौड़गढ़ (नवयत्न)।** ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य, पोषण और सामाजिक सशक्तिकरण को नई दिशा देने की पहल करते हुए बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के अंतर्गत मानपुर गांव में फ्रंटलाइन वर्कर्स सम्मान एवं प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यदायी संस्था पैक्स एनजीओ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, एएनएम तथा आशा सहयोगिनियों के समर्पण और सेवा भावना को सार्वजनिक मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम केवल सम्मान तक सीमित नहीं रहा बल्कि यह ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की मजबूती, मातृ-शिशु पोषण सुधार और सामुदायिक जागरूकता को लेकर एक सशक्त संदेश भी बनकर सामने आया। वक्ताओं ने कहा कि फ्रंटलाइन कर्मी ही सरकार की योजनाओं और आमजन के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जिनकी मेहनत से गांवों में स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार संभव हो पा रहा है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ मनीष मेघवाल, कार्यक्रम अधिकारी समता भटनागर, राकेश, कंपनी की सीएसआर प्रमुख पुष्पांजलि यादव, शिवगोविंद सहित संस्था की टीम और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सीएसआर प्रमुख पुष्पांजलि यादव ने कहा कि ग्रामीण विकास तभी संभव है जब स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा तीनों क्षेत्रों में समान रूप से काम किया जाए। उन्होंने फ्रंटलाइन वर्कर्स को समाज परिवर्तन के वास्तविक नायक बताते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सीडीपीओ मनीष मेघवाल ने कंपनी की सीएसआर पहल की सराहना करते हुए कहा कि विभाग और सामाजिक संस्थाओं के समन्वय से योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आसान हो जाता है। उन्होंने फ्रंटलाइन कर्मियों की प्रतिबद्धता को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उनका कार्य केवल नौकरी नहीं बल्कि सामाजिक सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है। कार्यक्रम अधिकारी समता भटनागर ने बताया कि सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से क्षेत्र में स्वास्थ्य, पोषण, महिला सशक्तिकरण और बाल विकास से जुड़ी कई जमीनी चुनौतियों को कम करने में मदद मिली है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय क्षेत्र के कर्मियों की निरंतर मेहनत और सामुदायिक भागीदारी को दिया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले फ्रंटलाइन वर्कर्स को सम्मानित कर उपहार भेंट किए गए। साथ ही शिक्षा, आजीविका संवर्धन और प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयास करने वाले युवाओं को भी मंच पर सम्मान मिला, जिससे कार्यक्रम में प्रेरणा और उत्साह का वातावरण बना रहा। ग्रामीणों ने इस पहल को सामाजिक सरोकार से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रयास बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल कर्मियों का मनोबल बढ़ाते हैं बल्कि समाज में सेवा भावना और सकारात्मक सोच को भी मजबूत करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कॉरपोरेट, प्रशासन और समुदाय के त्रिस्तरीय सहयोग का यह मॉडल ग्रामीण विकास के लिए प्रभावी उदाहरण साबित हो सकता है। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी और सामाजिक जिम्मेदारी के समन्वय का एक सशक्त प्रतीक बनकर उभरा, जिसने यह संदेश दिया कि विकास तभी सार्थक है जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

## विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन कर भूमि नामान्तरण दुरस्त करने की मांग की

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राजस्थान विश्वविद्यालय इकाई के बैनर तले बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए महाराजा कॉलेज एवं महारानी कॉलेज की भूमि अन्य संस्थानों को हस्तांतरित किए जाने का विरोध जताया और कुलगुरु को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय की भूमि वापस करो और शैक्षणिक परिसरों को अतिक्रमण मुक्त करो जैसे नारों से परिसर को गुंजायमान कर दिया। इकाई अध्यक्ष अभिषेक मीणा ने कहा कि राजस्थान विश्वविद्यालय प्रदेश का गौरव है, लेकिन विश्वविद्यालय के अधीन महाराजा कॉलेज और महारानी कॉलेज की भूमि के मालिकाना हक को लेकर गंभीर विसंगतियां सामने आई हैं। उन्होंने बताया कि राजस्व रिकॉर्ड में इन कॉलेजों की भूमि महाराजा कॉलेज 48 बीघा 10 बिस्वा तथा महारानी कॉलेज 29 बीघा 17 बिस्वा का स्वामित्व विश्वविद्यालय के स्थान पर अन्य सरकारी विभागों जैसे जेडीए एवं नगर निगम के नाम दर्ज हो जाना चिंताजनक है।

### अतिक्रमण का खतरा मंडराया

अखिल भारतीय राज्य विश्वविद्यालय संयोजक भारत भूषण यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय की खाली पड़ी भूमि पर बाहरी हस्तक्षेप और अवैध कब्जे की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे अतिक्रमण का खतरा बना हुआ है और शैक्षणिक विस्तार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक महत्व वाले इन कॉलेजों की भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। महारानी कॉलेज इकाई अध्यक्ष शिवानी भादू ने कहा कि भूमि का स्वामित्व विश्वविद्यालय के पास न होने से भविष्य में नए भवनों के निर्माण और अनुसंधान केन्द्रों की स्थापना में बाधा उत्पन्न होगी। वहीं महाराजा कॉलेज अध्यक्ष रितेश शर्मा ने कहा कि महाराजा कॉलेज अपनी ऐतिहासिक विरासत और शैक्षणिक उत्कृष्टता के कारण पूरे राजस्थान के लिए गौरव का विषय है, इसलिए इसकी भूमि शीघ्र विश्वविद्यालय के नाम दर्ज की जानी चाहिए।

### प्रदर्शन में ये भी रहे मौजूद

इस दौरान राजस्थान विश्वविद्यालय इकाई मंत्री मीनाक्षी शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विष्णु कुमार मीणा, इकाई मंत्री संकित यादव, महारानी कॉलेज इकाई मंत्री वंशिका सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पीसीपी में जेईई टॉपर्स का हुआ सम्मान




सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** सीकर स्थित आईआईटी जेईई एवं नीट कोचिंग संस्थान पीसीपीए प्रिंस में जेईई-मेन 2026 में टॉपर्स रही प्रतिभाओं हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 99.9768 परसेंटाइल के साथ सीकर कोचिंग्स में टॉपर रहे नवदीप मानए 99.9677 परसेंटाइल अंक प्राप्त विवेक गुप्ता, 99.9519 परसेंटाइल प्राप्त विकास ढकरवाल, 99.478 परसेंटाइल प्राप्त निखिलए 99.9451 परसेंटाइल प्राप्त बृजकिशोर मीणा एवं 99.9423 परसेंटाइल प्राप्त राहुल कुमावत को अभिभावकों सहित सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पीसीपी के 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर हासिल करने वाले 75 विद्यार्थियों एवं 97 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कई सैंकड़ों विद्यार्थियों को लैपटॉप बैग, अम्ब्रेला, दीवार घड़ी, डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पीसीपी, निदेशक डा. पीयूष सुण्डा ने कहा कि जेईई मेन में पीसीपी ने ऐतिहासिक परिणाम देकर कोचिंग नगरी सीकर को फिर से गौरवांवित किया है। सीकर कोचिंग्स का टॉपर देने के साथ ही टॉप-11 विद्यार्थियों में से 6 विद्यार्थी देकर पीसीपी ने आईआईटी जेईई कोचिंग्स में अपना प्रभुत्व स्थापित किया है। समारोह में प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, जेईई हेड नीरज अग्रवाल, पुनीत शर्मा, अर्चित जाखड़, प्रबंध निदेशक रमाकांत स्वामी, ओंकार मूंड, राघवेंद्र सिंह राजावत एवं फैकल्टी मेंबर्स सहित बड़ी संख्या में चयनित विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## जेकेके : प्रदर्शनी में 64 योगिनियों के विभिन्न स्वरूपों को प्रदर्शित



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जवाहर कला केन्द्र की अलंकार दीर्घा में केरल की वरिष्ठ चित्रकार डॉ. बीना एस. उन्नीकृष्णन की ट्रैवल एग्जीबिशन की प्रदर्शनी एका द वन का बुधवार को समापन हुआ। प्रदर्शनी में 64 योगिनियों के विभिन्न स्वरूपों को प्रदर्शित किया गया। ये सभी स्वरूप मानव के जीवन के लिए मार्ग प्रशस्त करने वाले, सकारात्मक ऊर्जा से प्रेरित करने वाले नजर आए। अपनी ट्रैवल एग्जीबिशन के बारे में केरल की वरिष्ठ चित्रकार डॉ. बीना एस. उन्नीकृष्णन ने बताया कि जयपुर के जवाहर कला केंद्र में प्रदर्शनी लगाने का अनुभव बेहद सुखद रहा है। यहां लोगों ने इस प्रयास को काफी सराहा और प्रदर्शनी में दिखाए गए 64 योगिनियों के विभिन्न स्वरूपों की प्रशंसा की। एक कलाकार के लिए कला की प्रशंसा पारितोषिक से कम नहीं होता। जयपुर के बाद 64 योगिनियों के विभिन्न स्वरूपों की यह प्रदर्शनी दिल्ली, ग्वालियर, वाराणसी, कोलकाता, भुवनेश्वर, नागपुर, हैदराबाद, विजयवाड़ा लगाई जाएगी। अगस्त में यह प्रदर्शनी इंटरनेशनल एग्जीबिशन में शामिल होगी। गौरतलब है कि डॉ. बीना ने 5 सालों में ये 68 पेंटिंग्स तैयार की है। यह कलात्मक यात्रा महात्रिपुरासुंदरी के चित्रण के विचार से आरंभ हुई, जिसने आगे बढ़ते हुए एक व्यापक साधना का रूप ले लिया।

यह ट्रैवलिंग एग्जबिशन कोच्चि, कोयंबटूर, बेंगलुरु, मुंबई, भोपाल और अहमदाबाद के बाद जयपुर पहुँची है। यह कलात्मक आध्यात्मिक ट्रैवलिंग एग्जीबिशन 81 दिन की है जो 16 राज्यों से होती हई लगभग 10 हजार किमी का सफर तय करेगी।

## 108 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ का हुआ पोस्टर विमोचन



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** कोटि होमात्मक नव दिवसीय 108 कुंडात्मक श्री राम महायज्ञ 21 फरवरी से 1 मार्च तक सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन गेट नंबर 6 में होगा यह यज्ञ सिया रामदास जी महाराज की बगीची ढेहर के बालाजी महंत वैष्णव हरिशंकर दास महाराज वेदांती जी के सानिध्य में होगा। इससे पूर्व पोस्टर विमोचन किया गया। महाराज ने बताया कि इस यज्ञ में हवन सामग्री पूर्णतया शुद्ध एवं देसी गौ माता के देसी घी से आहुति के रूप में प्रदान की जाएगी एवं इस यज्ञ में पूरे भारतवर्ष से प्रसिद्ध साधु संत भाग लेंगे। महोत्सव के तहत 2100 महिलाओं के द्वारा 21 फरवरी को दोपहर 1 बजे रोड नंबर एक स्थित सन मून टावर से विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। पोस्टर विमोचन के अवसर पर सत्य प्रकाश रावत, त्रिलोक खंडेलवाल, पूरन कायथ वाल, रुपेश शर्मा, पूरन सिंह, अक्षय जांगिड़ सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## हाथ-पैर तोड़ने के आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** मारपीट के मामले में एडीजे महेन्द्र प्रताप भाटी ने आरोपी के जमानत आवेदन को खारिज कर दिया है। अपर लोक अभियोजक एड. श्याम सुन्दर खंडेलवाल ने बताया कि सीकर के अस्पताल में उपचाराधीन हड़मानाराम द्वारा 28 जुलाई 2025 को सांडवा पुलिस को पर्चा बयान देकर आरोपी थाननाथ पुत्र मोहननाथ निवासी ऊंटालड़ सहित आधा दर्जन नामजद आरोपियों के खिलाफ लाठी सरियों से मारपीट कर उसके दोनो पैर एवं एक हाथ को तोडने के आरोप का मामला दर्ज करवाया था। जिस पर पुलिस ने गत दस जनवरी को आरोपी थाननाथ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। अपर लोक अभियोजक एड. श्याम सुन्दर खंडेलवाल ने न्यायालय को बताया कि आरोपी थाननाथ के विरूद्ध पहले से तीन मामले सांडवा थाने में दर्ज है। जिनमें से एक में राजीनामा हो गया, वहीं एक अन्य में उसे बरी कर दिया गया तथा तीसरे मामले में प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

दोनो पक्षों को सुनने के पश्चात एडीजे महेन्द्र प्रताप भाटी ने आरोपी थाननाथ के जमानत आवेदन को खारिज कर दिया।

## पंडित सुंदरलाल गंगानी स्मृति 24 वां कथक नृत्य महोत्सव सम्पन्न

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** तहसील के बड़ाबर गांव के अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथक गुरु स्व पंडित सुंदरलाल गंगानी स्मृति 24 वां कथक नृत्य महोत्सव विगत रात्रि कथक दर्शन चेरिटेबल ट्रस्ट बड़ौदरा के तत्वावधान में बड़ौदा के कीर्ति मंदिर सभागार में आयोजित हुआ।

द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत अमेरिका से आई कलाकार रक्षिता जैन की एकल कथक नृत्य प्रस्तुति से हुआ। कलाकार ने पंडित सुंदरलाल गंगानी की रचना-एक ब्रह्म उर धरि सुंदर, दो नयना निरखी त्रिलोकी, चतुर भाग अवनी उर प्रगटे, पांच तत्व धर आए नाथ को राग पूरिया धनाश्री में मनोयोग से प्रस्तुत कर वाह वाही लूटी। तत्पश्चात चंडीगढ़ से आई डॉ. समीरा कौशर ने एकल कथक नृत्य के माध्यम से शिव पार्वती विवाह की प्रस्तुति में थाट, आमद, परमेलू, परन, तिहाईयां, चलन की प्रस्तुतियों से भरपूर तालियां बटोरी। अंत में उन्होंने बृजमोहन गंगानी द्वारा लिखित मनोवैज्ञानिक पद पेश किया जिसमें जन्म से लेकर अंत तक का सफर प्रस्तुत किया। अगली प्रस्तुति में प्रख्यात कथक कलाकार डॉ. प्रीति साठे दामले के साथ एम एस यूनिवर्सिटी की नृत्य विभाग की छात्राओं मैमूना, जयश्री, कशिश, वाणी, हर्षिता, वृषाली ने कथक गुरु पंडित जगदीश गंगानी के निर्देशन में नृत्य अभिलाषा की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन प्रीति साठे दामले ने लाल तीन ताल में ठाट, परण, चलन एवं कृष्ण लीला के रूप में एकल कथक नृत्य प्रस्तुति से हुआ।

जिसमें विश्व विख्यात तबला वादक सुखविंदर सिंह ने शानदार संगत करके आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। इस सांगीतिक अनुष्ठान में वर्ष 2026 का पंडित सुंदरलाल गंगानी चंद्रकला सम्मान कथक गुरु डॉ. शोभा कौशर व भरत नाट्यम विधा के प्रतिष्ठित कलाकार बिजोय आनंद शिवरामन को दिया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यूनिवर्सिटी चांसलर राजमाता शुभांगिनी राजे गायकवाड़, बनारस घराने के अंतरराष्ट्रीय ख्याति नाम तबलावादक सुखविंदर सिंह, अजय रांका, निशीथ मेहता थे। कलाकारों के साथ हारमोनियम व गायन पर रमेश परिहार, मुन्नालाल भाट, तबला पर महमूद खान, भूपेश गंगानी, सारंगी पर इलियास खान व पढत पर संगत कथक गुरु जगदीश गंगानी ने की।

## उपखंड अधिकारी ने दिए प्रकरण निस्तारित करने के आदेश

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निर्मला देवी नामक महिला द्वारा जिला कलक्टर व उपखंड अधिकारी के यहां पर शिकायत के बाद मामले को लेकर उपखंड अधिकारी ने आदेश जारी कर नगरपरिषद आयुक्त को मामले में नियमानुसार कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है। मामले में उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने नगरपरिषद आयुक्त को आदेश जारी कर कहा है कि पट्टा नंबर 984 के सम्बंध में इस कार्यालय में भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है, इसलिए शीघ्र इसका निस्तारण किया जावे। आपको बता दें कि निर्मला देवी पत्नी पुखराज द्वारा पट्टे की नकल को लेकर आवेदन किया गया है, जिसको लेकर अब शिकायतें उच्च अधिकारियों तक करनी पड़ रही हैं, क्योंकि नगरपरिषद प्रशासन पर समय पर पत्रावली की प्रति उपलब्ध नहीं करवाने के आरोप लग रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

# नवयत्न

खबरें सड़क से संसद तक

देश-प्रदेश की खबरें सबसे पहले पढ़ने के लिए क्लिक करें

www.dainiknavyatn.com

Follow kare :

www.twitter.com/DainikNavyatn

www.bit.ly/DainikNavyatnFacebook

www.instagram.com/dainiknavyatn

हमारे वाट्सएप ग्रुप से जुड़ने के लिए क्लिक करें

www.chat.whatsapp.com/DU0tqhBPcrcADNklLCYtra